उज्जैन
शुक्रवार
14
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-282
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ नामांतरण घोटाले से गड्ढों तक, कांग्रेस ने निगम कमिश्नर को घेरा
7 ▸ पहली बार महिला-पुरुष हॉकी वर्ल्डकप एक साथ होंगे

### विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की निर्माणाधीन टनल में अचानक भारी मात्रा में मलबा गिरा

# भूस्खलन से नौ लोगों की मौत, छह की तलाश जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विष्णुगाड-पीपलकोटी

विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की निर्माणाधीन टनल में अचानक भारी मात्रा में मलबा और पानी आने से वहां काम कर रहे मजदूर अंदर ही फंस गए थे। इसमें करीब नौ मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों की तलाश अब भी जारी है।

हादसे में घायल छत्तीसगढ़ निवासी सुनील दीवान ने जिला अस्पताल में बताया कि वे टनल के अंदर सरिया से सेटरिंग बना रहे थे। एक साथ वे करीब 17 लोग थे। अचानक करीब 150 मीटर दूर तेज आवाज के साथ भारी भूस्खलन हुआ और मलबा, पानी व पत्थर तेज गति से टनल के अंदर घुस आए। इसके धक्के से कई लोग दूर जा गिरे, जबकि कुछ लोग मलबे में दब गए। हम मलबे के धक्के से टनल के बाहर की ओर आ गए। मजदूर बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे। टनल में कई जगह से मलबा आने से ऑक्सीजन लेवल बेहद कम हो गया था। कुछ लोग दम घुटने के कारण मलबे में आगे चल नहीं पा रहे थे। शुक्र है समय पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया।



### टीएचडीसी की टनल से बचकर बाहर आए घायल मजदूरों ने बताया मंजर

टीएचडीसी की टीआर टनल से बचकर बाहर आए घायल मजदूर सदमे में हैं। टनल में अचानक ऑक्सीजन लेवल कम होने से मजदूरों की सांस फूल रही थी। कांपते शब्दों में उन्होंने बताया कि जिस जगह पर भूस्खलन हुआ, वहां बुधवार को मिट्टी खिसक गई थी। इसके धंसने की आशंका थी। यह टनल दुर्गापुर से सियासैंण तक करीब तीन किलोमीटर तक निर्मित हो रही है। हादसा करीब डेढ़ किमी पर हुआ है।

**राहत एवं बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश-** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चमोली के पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी टनल के भीतर मलबा और पानी आने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

**टनल से निकलने वाले पानी को पंप के जरिये बाहर भेजा-** ओडिशा निवासी जगेश्वर ने बताया कि वह टनल से निकलने वाले पानी को पंप के जरिये बाहर भेजता है। शाम करीब 6 बजे अचानक तेज आवाज सुनाई दी, जो बेहद भयावह थी। इसी दौरान टनल की बिजली भी गुल हो गई। हादसे के समय वह घटनास्थल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर था।

# प्रभात फेरी के बाद स्कूली बच्चों को बूंदी के लड्डू मिलेंगे या सांची के पेड़े? संशय बरकरार

### बूंदी के लड्डू बनाने वाले विक्रेताओं में भी दुविधा, पंचायतों और स्कूल प्रबंधन के सामने अतिरिक्त खर्च की चिंता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर रोड

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को ध्वजारोहण और प्रभात फेरी के बाद स्कूली बच्चों एवं नगरवासियों में वितरित की जाने वाली मिठाई को लेकर इस बार असमंजस की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र की ग्राम पंचायतों और शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधन के सामने यह सवाल खड़ा है कि बच्चों को परंपरागत रूप से वितरित किए जाने वाले बूंदी के लड्डू मिलेंगे या इस बार सांची के पेड़े वितरित किए जाएंगे।

अब तक स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के साथ ही शासकीय एवं निजी विद्यालयों में बच्चों को बूंदी के लड्डू वितरित किए जाते रहे हैं। ग्राम पंचायतों के सरपंच और विद्यालय प्रबंधन स्थानीय स्तर पर मिठाई की व्यवस्था करते हैं। इस बार उज्जैन कलेक्टर की ओर से जारी परिपत्र में स्वतंत्रता दिवस के बाद स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को वितरित की जाने वाली मिठाई के रूप में सांची के पेड़े वितरित करने के निर्देश दिए जाने की बात सामने आई है। इस निर्देश के बाद पंचायतों और विद्यालय प्रबंधन के सामने व्यवस्था को लेकर दुविधा की स्थिति पैदा हो गई है।



### स्पष्ट निर्देश की मांग

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय मिठाई विक्रेताओं का कहना है कि 15 अगस्त में अब समय कम रह गया है। ऐसे में मिठाई वितरण को लेकर प्रशासन की ओर से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी होना जरूरी है, ताकि पंचायतें और विद्यालय समय पर व्यवस्था कर सकें।
अब देखना यह है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी और ध्वजारोहण के बाद बच्चों के हाथों में परंपरागत बूंदी का लड्डू आता है या इस बार सांची का पेड़ा। फिलहाल दोनों को लेकर संशय बरकरार है।

## दीपके ने फिर लीगल कॉकरोच का नारा उठाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बीसीआई-नालसर विवाद के बीच फिर लीगल कॉकरोच का नारा उठाया है। इसके साथ ही उन्होंने बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के इस्तीफे और परिषद की जवाबदेही की मांग की। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने अपने व्यंग्यात्मक आंदोलन को शुरू करने वाले नारे को फिर से उठाया है। इस बार उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और नालसर विधि विश्वविद्यालय के बीच चल रहे विवाद को निशाना बनाया है।

### 15 अगस्त के अवकाश के चलते

## महाकाल परिसर में बढ़ी भक्तों की भीड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

15 अगस्त के अवकाश के चलते शुक्रवार सुबह विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई। अवकाश का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे। सावन मास के चलते वैसे भी महाकाल मंदिर में देशभर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है।

सुबह से ही महाकाल परिसर और दर्शन मार्गों पर भक्तों की आवाजाही बढ़ गई। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आगे बढ़ते नजर आए। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयघोष गूंजते रहे।

15 अगस्त शनिवार को स्वतंत्रता दिवस का अवकाश होने के कारण शुक्रवार से ही बड़ी संख्या में लोगों के उज्जैन पहुंचने से मंदिर क्षेत्र में भीड़ बढ़ने की संभावना बनी हुई है। सावन के धार्मिक माहौल और अवकाश के चलते आने वाले दो दिनों में भी महाकाल दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहने की उम्मीद है। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



### बिहार के छपरा में 100 दुकानों में पानी घुसा

# उत्तरप्रदेश के 16 जिलों में बाढ़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश भर में मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। पहाड़ी इलाकों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक बारिश और बाढ़ जैसे हालात हैं। यूपी के 16 जिलों में 80 से ज्यादा गांव बाढ़ प्रभावित हैं। उन्नाव में पानी घरों में घुस गया है। लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं। कॉलोनियों में नावें चल रही हैं। कानपुर में गंगा का पानी खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे 100 से ज्यादा छोटे मंदिर डूब गए हैं।

बिहार के कई जिलों में 13 अगस्त की शाम बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। पटना में अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री और न्यूनतम 29.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, छपरा में 45 मिनट की तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में जलजमाव हो गया। मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों पर डेढ़ से ढाई फीट तक पानी भर गया। करीब 100 दुकानों में भी पानी घुस गया। राज्य के 18 जिलों में आज आंधी, बारिश और बिजली गिरने की आशंका है।

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और लैंडस्लाइड ने रेल और सड़क यातायात प्रभावित किया है। कांगड़ा में पठानकोट-बैजनाथ पपरोला रेल सेक्शन पर ट्रैक पर चट्टानें गिरने से 4 ट्रेन सेवाएं अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं। सोलन के वकनाघाट में चंडीगढ़-शिमला हाईवे पर भारी बारिश के बाद घना कोहरा छाया, जिससे विजिबिलिटी काफी कम हो गई और वाहन चालकों को परेशानी हुई।



### दतिया हार के बाद भाजपा में मंथन तेज

# दिल्ली दरबार में एमपी के नेताओं की सक्रियता बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद मध्यप्रदेश भाजपा में संगठनात्मक स्तर पर मंथन का दौर तेज हो गया है। हार के कारणों की समीक्षा के साथ ही प्रदेश संगठन में कसावट लाने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए बदलाव की संभावनाओं पर चर्चा शुरू हो गई है। दतिया उपचुनाव के परिणाम के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल गुरुवार को पहली बार दिल्ली पहुंचे। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में हुई बातचीत को प्रदेश भाजपा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, मुलाकात में दतिया विधानसभा उपचुनाव में हार के कारणों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय नेतृत्व को चुनाव के दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की गतिविधियों, टिकट वितरण से लेकर चुनाव परिणाम तक की स्थिति और हार के प्रमुख कारणों की जानकारी दी।

### क्या केवल दतिया की हार है वजह?

राजनीतिक तौर पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या दतिया उपचुनाव का परिणाम केवल स्थानीय चुनावी हार के रूप में देखा जा रहा है या भाजपा नेतृत्व इसे मध्यप्रदेश संगठन की कार्यप्रणाली के संकेत के तौर पर भी देख रहा है। वरिष्ठ नेताओं की दिल्ली सक्रियता के बीच यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि पार्टी 2028 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी से संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की तैयारी कर सकती है। हालांकि, इन मुलाकातों को सीधे मुख्यमंत्री परिवर्तन से जोड़ना फिलहाल जल्दबाजी होगी। उपलब्ध घटनाक्रम से इतना जरूर संकेत मिलता है कि दतिया की हार ने मध्यप्रदेश भाजपा के भीतर संगठन, नेतृत्व और चुनावी रणनीति को लेकर गंभीर समीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब निगाह इस बात पर है कि राष्ट्रीय नेतृत्व की समीक्षा के बाद मध्यप्रदेश भाजपा में कौन से चेहरे बदलते हैं, किन नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलती है और संगठन में किस स्तर तक फेरबदल किया जाता है।

### संगठन में बदलाव

दतिया के परिणाम के बाद भाजपा प्रदेश संगठन की ओर से विस्तृत रिपोर्ट दिल्ली भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। अब प्रदेश अध्यक्ष की राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद संगठन में बदलाव की अटकलें और तेज हो गई हैं। हालांकि अभी किसी बड़े बदलाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन पार्टी के अंदर जिम्मेदारियों में फेरबदल, संगठन को अधिक सक्रिय बनाने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय मजबूत करने को लेकर मंथन जारी माना जा रहा है।

### दिल्ली में बढ़ी मध्यप्रदेश के नेताओं की सक्रियता

दतिया की हार के बाद मध्यप्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं की दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकातों का सिलसिला भी राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है। मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेताओं की केंद्रीय नेतृत्व से अलग-अलग मुलाकातों को मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा को दतिया से टिकट नहीं मिलने का मुद्दा भी भाजपा के अंदर चर्चा में बना हुआ है।

### पाकिस्तानी पीएम ने कहा

## भारत पानी रोकेगा तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल समझौते को लेकर एक बार फिर से भारत को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हिस्से के पानी पर कोई समझौता नहीं होगा। अगर इसे रोकने या कम करने की कोशिश हुई तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री शहबाज ने गुरुवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि कश्मीर पर पाकिस्तान का रुख कभी नहीं बदलेगा। अपने भाषण में शहबाज ने एक बार फिर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ करते हुए दावा किया कि उनके नेतृत्व में पाकिस्तान ने भारत को हराया। शहबाज ने अपने भाषण में चीन-पाकिस्तान की दोस्ती को हिमालय से भी बुलंद बताया। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान का अजीम दोस्त है। हर मुश्किल घड़ी में वह चट्टान की तरह देश के साथ रहा है।



## कुत्ते ने बच्चे का सिर-चेहरा नोचा, 50 टांके लगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

वाराणसी में गुरुवार सुबह 11 साल के बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बीएचयू कैंपस में बच्चे के सिर और चेहरे को दौड़ा-दौड़ाकर नोचा। इससे बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। बच्चे को गंभीर हालत में बीएचयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे 50 टांके लगाए हैं। डॉक्टरों ने परिवारवालों को बताया कि कुत्ते ने बच्चे को बहुत बुरी तरह से काटा है। बच्चे के पिता खुद बीएचयू अस्पताल में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर हैं।

# 2047 तक भारत विकसित देश नहीं बन पाएगा: वांगचुक

### श्रीलंका-बांग्लादेश जैसे देश हमसे आगे, सही नेतृत्व मिले, इसके लिए शांतिपूर्ण क्रांति जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने भारत की प्रति व्यक्ति आय का जिक्र करते हुए कहा कि अगर मौजूदा स्थिति जारी रही, तो 2047 तक भारत विकसित देश नहीं बन पाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद भी उन्हें नए मंत्री से बड़े बदलाव की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। देश की तरक्की उसकी शिक्षा व्यवस्था से सीधे जुड़ी हुई है। जब तक शिक्षा पीछे रहेगी, देश का भविष्य भी पीछे रहेगा।

उन्होंने गुरुवार देर रात एक वीडियो किया। इसमें उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। इस दौरान उन्होंने देश और उसके भविष्य को लेकर काफी सोचा।



- 50 साल पहले भारत से पीछे और बराबर रहने वाले कई पड़ोसी देश अब काफी आगे निकल चुके हैं। थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, श्रीलंका और बांग्लादेश इसका उदाहरण है। अगर भारत को 2047 तक दुनिया में एक सम्मानित देश बने रहना है तो बड़े बदलाव की जरूरत है।
- देश में शासन और व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को किसी एक राजनीतिक पार्टी तक सीमित नहीं किया जा सकता। अलग-अलग पार्टियों की सरकारों के दौरान भी विरोध की आवाजों को दबाया गया है।

## इमरान खान से रिश्तेदारों की मुलाकात पर कोर्ट करेगी फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात और उनके इलाज से जुड़ी याचिकाओं पर 18 अगस्त को सुनवाई तय की है। मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी। कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय ने सभी संबंधित पक्षों और उनके वकीलों को नोटिस जारी कर दिए हैं। बेंच में जस्टिस शाहिद वाहिद, जस्टिस नईम अफगान और जस्टिस इश्तियाक इब्राहिम शामिल हैं। इमरान खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार, आतंकवाद समेत कई मामलों की सुनवाई चल रही है। अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उनकी सरकार गिरने के बाद से उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ लगातार उनकी रिहाई और उनसे मुलाकात की मांग करती रही है।

## अहमदाबाद में 153 करोड़ से बनेगा चार लेन रोड ओवरब्रिज

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के गेरतपुर-अहमदाबाद रेलखंड पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 305 पर चार लेन वाले रोड ओवरब्रिज के निर्माण को भारतीय रेलवे ने मंजूरी दे दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 153 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। ब्रिज के निर्माण से क्षेत्र में सड़क यातायात को अधिक सुरक्षित, सुगम और निर्बाध बनाने में मदद मिलेगी। विशेष रूप से व्यस्त रेल क्रॉसिंग पर वाहनों को ट्रेनों के आवागमन के दौरान रुकने की समस्या से राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार यह परियोजना पश्चिम रेलवे में चल रहे व्यापक आधारभूत संरचना विकास कार्यों का हिस्सा है। गेरतपुर-अहमदाबाद रेलखंड पर बनने वाला यह रोड ओवरब्रिज घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में स्थित होने के कारण महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## राम मंदिर को मिलेगा पहला सीईओ, तीन नामों में से एक पर 2 सितंबर को लगेगी मुहर

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के चयन की प्रक्रिया अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। सीईओ पद के लिए हुए अंतिम साक्षात्कार के बाद अब 16 उम्मीदवारों में से तीन नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। सर्च कमेटी यह पैनल श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास को सौंपेगी। इसके बाद ट्रस्ट इन तीन नामों पर विचार कर एक उम्मीदवार के चयन पर अंतिम निर्णय लेगा। संभावना जताई जा रही है कि 2 सितंबर को होने वाली ट्रस्ट की बैठक में राम मंदिर के पहले सीईओ के नाम की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। राम मंदिर निर्माण के बाद मंदिर परिसर और उससे जुड़ी व्यापक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित, आधुनिक और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सीईओ पद को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## वंदे मातरम के नारे पर विवाद से भड़के छात्र 95 ने हॉस्टल में खुद को बंद कर शुरू की भूख हड़ताल

**कन्नौज।** अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में अव्यवस्थाओं और प्रधानाचार्य के कथित व्यवहार से नाराज 10वीं से 12वीं कक्षा के 95 छात्रों ने गुरुवार को हॉस्टल में खुद को बंद कर भूख हड़ताल शुरू कर दी। छात्रों ने प्रधानाचार्य को हटाने के साथ ही विद्यालय में भोजन, स्वच्छता, पेयजल और खेल सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान कराने की मांग की। छात्रों का आरोप है कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाने पर प्रधानाचार्य नाराज हो गए थे। मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह से 12वीं तक करीब 550 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं और उनके लिए अलग-अलग छात्रावास की व्यवस्था है।

## ईरान जंग ने बदला दशकों पुराना तेल कारोबार, खाड़ी देशों का होर्मुज पर भरोसा खत्म हुआ

**नई दिल्ली।** छह महीने पहले तक खाड़ी देशों के लिए तेल बेचना बेहद आसान था। सबसे कम लागत में तेल निकालो, होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते दुनिया तक पहुंचाओ और सबसे ज्यादा कीमत देने वाले देशों को बेच दो लेकिन ईरान के साथ जंग के बाद यह मॉडल बदल गया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद होर्मुज स्ट्रेट से तेल ढुलाई लगातार प्रभावित रही। समुद्री बारूदी सुरंगों, मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे, अमेरिका और ईरान की नाकेबंदी तथा बढ़ी बीमा लागत के कारण इस रास्ते से हर दिन गुजरने वाला कच्चा तेल 2 करोड़ बैरल से घटकर 37 लाख बैरल रह गया। इसी वजह से सऊदी अरब, यूएई और कुवैत समेत कई खाड़ी देश अब होर्मुज पर निर्भरता कम करने में जुट गए हैं। नई पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं, पुरानी लाइनों की क्षमता बढ़ाई जा रही है और एशिया में ऑयल स्टोरेज तैयार किया जा रहा है।

## अमेरिकी नौसैनिकों ने वॉरशिप से कूदने की कोशिश की

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी वॉरशिप यूएसएस अब्राहम लिंकन पर तैनात अमेरिकी नौसैनिक मानसिक और शारीरिक तनाव से गुजर रहे हैं। नेवी टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जहाज पर तैनात 6 अमेरिकी सैन्यकर्मियों ने जहाज से समुद्र में कूदने की कोशिश की। यूएसएस अब्राहम लिंकन करीब 9 महीने से समुद्र में है। ये वॉरशिप ईरान जंग के दौरान लगातार 250 से ज्यादा दिन तक बिना किसी पोर्ट पर रुके समुद्र में चल रहा है। इस पर करीब 5,000 अमेरिकी मरीन तैनात हैं। जहाज 21 नवंबर 2025 को सैन डिएगो से रवाना हुआ था।



## खबर एक नजर...

### सीएमएचओ ने दिया समिति बनाने का आश्वासन

**उज्जैन।** स्वास्थ्य विभाग में आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ की जिला शाखा ने जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में 12 अगस्त 2026 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक पटेल से मुलाकात कर अपनी मांगों का पत्र सौंपा। संघ ने आरोप लगाया है कि पूर्व में कर्मचारियों को नियमित करते समय वरिष्ठता नियमों का पालन नहीं किया गया। पुराने कर्मचारियों को दरकिनार कर नए कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया। इसके कारण वरिष्ठता सूची में आगे रहने वाले कर्मचारियों को शासन की सुविधाओं और अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित स्थापना में पदस्थ किया जाए, ताकि लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को न्याय मिल सके।

### मंगलनाथ मंदिर प्रशासक को सौंपी 10 हैलोजन लाइट

**उज्जैन।** माहेश्वरी सभा गोला मंडी की महिला मंडल द्वारा मंगलनाथ मंदिर में 10 हैलोजन लाइट भेंट की गई हैं। महिला मंडल अध्यक्ष संध्या हेडा की उपस्थिति में मंदिर प्रशासक केके पाठक को यह लाइट सौंपी गई। इसके साथ ही हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर मंडल सदस्यों द्वारा महेश धाम में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संध्या हेडा, सचिव वंदना जैथलिया, पूर्व अध्यक्ष संगीता भूतड़ा, कोषाध्यक्ष आरती सोडाणी, ज्योति राठी, मंजू लखोटिया, रमा लड्ढा और गीता तोतला उपस्थित थीं।

### जैन समाजोत्थान ट्रस्ट व शिक्षा महाविद्यालय में पूर्व मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** अखिल भारतीय जैन समाजोत्थान ट्रस्ट, राजेंद्र सूरि शताब्दी शोध संस्थान और राज राजेंद्र जयंतसेन सूरि शिक्षा महाविद्यालय के अध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री पारसचंद जैन के निधन पर गुरुवार को शोक सभा आयोजित की गई। मानपुरा स्थित संस्था परिसर में सुबह आयोजित सभा में सभी ने नम आंखों से पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पारस जैन का निधन 3 अगस्त को हुआ था। शोक सभा की अध्यक्षता करते हुए अभयकुमार सेठिया ने कहा कि पारस जैन इस संस्था के आधार स्तंभ थे। उनका ध्येय था कि संस्थान में अनेक शिक्षण संस्थाएं प्रारंभ हों, मंदिर बनाया जाए और एक अच्छा वातावरण निर्मित हो। यह हम सभी का दायित्व है कि संकल्प लेकर उनके सपनों को साकार करने का प्रण लें। सभा में प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य रमणलाल जैन, प्रकाशचंद सेठिया, डॉ. अनिल जैन, डॉ. राजेश साहू, प्राचार्य डॉ. विद्या जोशी एवं शिक्षा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने अपने भाव व्यक्त किए। नवकार मंत्र और मौन के साथ शोक सभा का समापन हुआ।

### स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेगा दौलतगंज होलसेल किराना बाजार

**उज्जैन।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त, शनिवार को दौलतगंज होलसेल किराना बाजार में अवकाश रहेगा। यह निर्णय दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेंट एसोसिएशन के संचालक मंडल की बैठक में लिया गया।

संस्था अध्यक्ष अजय रोहरा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व पर बाजार पूर्णतः बंद रहेगा। संस्था सचिव आशीष जैन ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने संस्थानों में अवकाश रखें और सपरिवार स्वतंत्रता दिवस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

### हृदयेश्वर महादेव मंदिर में वार्षिक मिलन समारोह में लगा स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन के तत्वावधान में हीरा मिल परिसर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित श्री हृदयेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर और पौधारोपण के साथ सेंट पॉल स्कूल के सामने स्थित जग्गी बस्ती के रहवासियों के लिए विशाल भंडारा तथा साड़ी वितरण का आयोजन किया गया। सावन माह के इस पुनीत आयोजन में भगवान श्री हृदयेश्वर का पूजन, पाठ और अभिषेक पंडित संतोष शर्मा एवं अनुज शर्मा ने संपन्न कराया। मंच उपाध्यक्ष महेश सोनोने ने भगवान की पूजन अर्चना कर उन्हें सुंदर मुकुट अर्पित किया। इस अवसर पर चरण दास मंडल द्वारा ओम नमः शिवाय का पाठ एवं भजनों का आयोजन किया गया। भोग आरती संगठन के अध्यक्ष विनोद लाल एवं संयोजक अजीत मंगलम द्वारा मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया।

### शहीदों को नमन और पौधरोपण कर मनाया वर्ल्ड लेफ्ट हैंडर्स डे

**उज्जैन।** उज्जैन लेफ्टी क्लब द्वारा 13 अगस्त को 'वर्ल्ड लेफ्ट हैंडर्स डे' के अवसर पर स्थानीय शहीद पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब सदस्यों ने शहीदों का स्मरण कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और पार्क परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम संयोजक अजीत पोरवाल के मार्गदर्शन और वरिष्ठ कवि सुगनचंद जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

# संस्कृत महाविद्यालय में नशा मुक्ति महाभियान, छात्रों ने ली व्यसन से दूर रहने की शपथ

### ब्रह्माकुमारी संस्था व एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन, युवाओं को सकारात्मक जीवन के लिए किया प्रेरित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शासकीय संस्कृत महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को नशा मुक्त भारत अभियान और मिशन स्पंदन के तहत नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। यह आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, मानसिक स्वास्थ्य समिति और कोयला फाटक स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रतिनिधि मिनी ताला, कौशिकी और गिरिजा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक शांति, आत्मानुशासन, सकारात्मक चिंतन और तनावमुक्त जीवन को लेकर मार्गदर्शन दिया। इस दौरान नशामुक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम संयोजक हेमन्त शर्मा और गणेशप्रसाद द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। युवाओं को इस बुराई से बचाने के लिए जागरूकता और आत्मसंयम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशामुक्त रहने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया।

प्राचार्य सीमा शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ और संस्कारयुक्त समाज के निर्माण के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और सदस्यों ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन जयकुमार तिलवानी ने किया और आभार अर्पित शुक्ल ने माना।

# हजारी हनुमान मंदिर में सवा ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण शुरू, देशभर से जुटे संत

### मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक बनाए शिवलिंग, रुद्राभिषेक के साथ सात दिवसीय अनुष्ठान का हुआ शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मक्सी रोड पवासा और शिप्रा तट स्थित हजारी हनुमान मंदिर में सावन मास के उपलक्ष्य में सवा ग्यारह लाख चिंतामणि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का सात दिवसीय विशाल अनुष्ठान शुरू हो गया है। आयोजन के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पार्थिव शिवलिंग बनाए। शिवलिंग निर्माण के साथ ही मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया गया।

हजारी हनुमान मंदिर पवासा के महंत काशीदास त्यागी ने बताया कि 12 से 19 अगस्त तक चलने वाला यह भव्य आयोजन टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर माधवाचार्य की अध्यक्षता में हो रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का क्रम जारी रहेगा। आयोजन में शामिल होने के लिए देशभर से संत, महात्मा, आचार्य और महामंडलेश्वर उज्जैन पहुंच रहे हैं। इनमें मुख्य रूप से अयोध्या के महामंडलेश्वर सीतारामदास, बांसवाड़ा राजस्थान के महामंडलेश्वर हरिओमदास, पुरी के महामंडलेश्वर रामकृष्णदास, इंदौर के महामंडलेश्वर राधेराधे बाबा, भावनगर के महामंडलेश्वर गरीबरामदास बाबा, नासिक के महामंडलेश्वर भक्तिचरणदास, दाहोद के महामंडलेश्वर जगदीशदास, चींच के महामंडलेश्वर घनश्यामदास, इंदौर के महामंडलेश्वर रामगोपालदास, नैमिषारण्य के महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास भोले बाबा, नडियाद के महंत महावीरदास, जगन्नाथपुरी के महंत विश्वंभरदास, जगन्नाथपुरी के महंत रामचरणदास और जगन्नाथपुरी के महंत पूर्णचंद्रदास शामिल हैं। इनके साथ ही तीनों अणी अखाड़ों, रामानंदाचार्य पीठ और सभी खालसों के महंत, त्यागी और तपस्वी भी अनुष्ठान में मौजूद रहेंगे। देश भर से आने वाले सभी संतों का स्वागत महंत परमेश्वरदास त्यागी द्वारा किया गया।

हनुमान टेकरी मलाड़ के महंत रामचन्द्रदास और दाऊजी मंदिर डाकोर के श्रीनिवासदास ने धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिवलिंग निर्माण, दर्शन और रुद्राभिषेक का पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

### नाग पंचमी पर नागिन धुन पर थिरकेंगे व्यायाम प्रेमी

**उज्जैन।** प्रकृति और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने वाले सरीसृपों के संरक्षण के लिए नाग पंचमी 17 अगस्त सोमवार को विशेष आयोजन किया जा रहा है। भगत जी सेवा संस्थान के तत्वावधान में प्रातः 7 बजे कोठी रोड पर 5वां सरीसृप रक्षा अभियान आयोजित होगा। आयोजन समिति के संयोजक मंगल बामनिया ने बताया कि पर्यावरण बचाओ - सरीसृप को मुस्कुराओ की थीम पर आयोजित होने वाले इस अभियान का यह पांचवां वर्ष है। कार्यक्रम में सर्प विशेषज्ञ मुकेश इंगले मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वे आमजनों को विभिन्न प्रजातियों के सांपों को पहचानने, उनसे सुरक्षित रहने और उनके विष से बचने के महत्वपूर्ण उपाय बताएंगे। इस अवसर पर कोठी रोड पर आने वाले प्रातःकालीन भ्रमण प्रेमियों के लिए एक अनूठी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें नागिन की भारतीय धुनों पर थिरकने वाले व्यायाम प्रेमियों को विभिन्न खिताबों से नवाजा जाएगा।

# समग्र राजपूत समाज ने मनाई वीर दुर्गादास राठौड़ की 388वीं जयंती



### मारवाड़ से आए वंशजों और समाजजनों ने महान योद्धा को दी पुष्पांजलि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिप्रा तट स्थित वीर दुर्गादास राठौड़ की छतरी पर समग्र राजपूत समाज द्वारा वीर दुर्गादास राठौड़ की 388वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने महान योद्धा को पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। कार्यक्रम में उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों के राजपूत समाजजनों के साथ ही मारवाड़ से आए दुर्गादास राठौड़ के वंशज और कनक श्रृंगा महिला राजपूत संगठन की सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति उज्जैन के अध्यक्ष भरत सिंह हाड़ा ने बताया कि वीर दुर्गादास राठौड़ मारवाड़ के महान योद्धा थे। उन्होंने मुगल आततायियों से मारवाड़ की रक्षा कर उन्हें मार भगाया था। उनका प्राणोत्सर्ग शिप्रा किनारे उज्जैन में ही हुआ था, जहां जोधपुर राजवंश द्वारा उनकी समाधि छतरी के रूप में बनवाई गई थी।

# 31वीं बार लाड़ी लोहाड़ा सिंधी पंचायत के अध्यक्ष बने वासवानी



### गीता कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुए चुनाव, 100 वोट पाकर हासिल की जीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारत लाड़ी लोहाड़ा सिंधी पंचायत के चुनाव में मोहनलाल वासवानी ने 31वीं बार अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। गीता कॉलोनी स्थित सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुए इन चुनावों में वासवानी को 100 वोट मिले, जबकि तुलसीदास को 50 वोट प्राप्त हुए। पंचायत में कुल 165 वोटर हैं, जिनमें से 150 चुनाव में उपस्थित थे। पिछले 30 वर्षों से वासवानी लगातार निर्विरोध चुनाव जीतते आ रहे थे, लेकिन इस वर्ष पहली बार चुनाव में मतदान की स्थिति बनी।

चुनाव प्रक्रिया के तहत पंचायत के सदस्यों द्वारा क्रमवार पर्ची डालकर मतदान किया गया। दीपक राजवानी ने बताया कि चुनाव खुशनुमा माहौल में संपन्न हुए। वासवानी के विजयी होने पर पंचायत के सदस्यों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर लोकेश आडवाणी, दीपक राजवानी, लेखराज खत्री, जयकिशन राजवानी, नारायण नसिंगानी, रेवाचंद चेतनानी, मोनू वासवानी, कन्हैयालाल खटवानी, परमानंद मंगवानी, चेतन वासवानी, कमलेश लालवानी, सतयुग राजकुमार वासवानी, हेमंत खत्री, राजेश नाथानी, किशोर बैरनानी, संतोष सोमनानी, दयालदास धमानी, नितेश तोलानी, नानक तोलानी, जगदीश वाधवानी, राजू चतवानी, राजेश कृपलानी, अशोक वासवानी, जयकिशन वासवानी, सुंदरलाल लालवानी, राधिका दादवानी, गंगा मंगवानी, सोनिया नाथानी, वर्षा आडवाणी, नैना मुलानी, चांदनी तोलानी और लक्ष्मी वासवानी उपस्थित थे।

# नारायणा धाम से निकली 16 किलोमीटर लंबी संपूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा, पौधारोपण भी किया

### हरियाली अमावस्या पर 21 पवित्र नदियों के जल से महादेव का जलाभिषेक, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर स्वर्णगिरी पर्वत स्थित नारायणा धाम से बैंड-बाजों के साथ प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संपूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। 16 किलोमीटर लंबी यह यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए वापस नारायणा धाम पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह पर ग्रामीणों ने फलाहारी खिचड़ी बांटकर यात्रा का स्वागत किया।

यात्रा की शुरूआत में गंगा, यमुना, सरस्वती, सरयू, नर्मदा, मंदाकिनी, क्षिप्रा, गंभीर, कालीसिंध जैसी पवित्र नदियों के साथ ही कोटि कुंड, कृष्ण-सुदामा सरोवर और सप्त सागर के जल से भगवान कृष्ण-सुदामा और कृष्णेश्वर महादेव का अभिषेक-पूजन किया गया। यह अनुष्ठान यात्रा संयोजक केशर सिंह पटेल से पुजारी प्रेमनारायण शर्मा, जितेंद्र शर्मा और अर्जुन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ करवाया। इसके बाद ध्वज पूजन कर केशर सिंह पटेल को सौंपा गया और यात्रा आरंभ हुई। इस अवसर पर ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया।

यात्रा नारायणा से शुरू होकर चौकी, महूखेड़ा, तुलसापुर और बागला होते हुए मां पार्वती धाम पहुंची। वहां मोहन सिंह पंवार, बहादुर सिंह पंवार और पार्वती मंदिर समिति के सदस्यों ने यात्रा की अगवानी की। माता पार्वती और महादेव का जलाभिषेक पुजारी अमन शर्मा और पवन शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। भोजन विश्राम के बाद यात्रा ग्राम बरखेड़ा बुजुर्ग, कुकल खेड़ा, बालोदा और शेरपुर-चौपाटी होते हुए वापस कृष्ण-सुदामा मंदिर नारायणा धाम पहुंची। यहां मुख्य द्वार पर आरती और प्रसादी वितरण के साथ 16 किलोमीटर की यह परिक्रमा पूर्ण हुई।

केशर सिंह पटेल ने बताया कि नारायणा धाम के उत्तर में स्थित स्वर्णगिरी पर्वत का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी है। मान्यता है कि गुरु सांदीपनि और गुरु मां की आज्ञा से कृष्ण और सुदामा लकड़ियां लेने यहीं आए थे और रात्रि विश्राम भी किया था। उनके द्वारा एकत्र की गई लकड़ियों की गठरी आज भी मंदिर परिसर में हरे-भरे पेड़ों के रूप में मौजूद है।

अतिथि के रूप में उन्हेल स्थित शेषशाई विष्णु मंदिर के महंत गिरीश प्रपन्न महाराज, विधायक दिनेश जैन बॉस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, बहादुर सिंह बोर्मुंडला, उदय चंदेल, विजय सिंह गौतम, कृष्णा बाई शिवनारायण सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

### कालिदास कन्या महाविद्यालय में मनी रंगनाथन जयंती, ग्रंथालय है बौद्धिक विकास का केंद्र

# एसआर रंगनाथन का 134वां जन्मदिवस: प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों का लगा मेला, श्रेष्ठ पाठकों और स्वयंसेवकों का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक एसआर रंगनाथन का 134वां जन्मदिवस राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और ग्रंथालय के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य वंदना गुप्ता ने किया।

प्राचार्य वंदना गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एसआर रंगनाथन ने ग्रंथालय को केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान और विचार से समाज के बौद्धिक विकास का केंद्र बनाया। पुस्तकालय आज भी मनुष्य के व्यक्तित्व, मंथन एवं चिंतन का केंद्र बना हुआ है। मुख्य वक्ता पुस्तकालयाध्यक्ष लीना शाह ने छात्राओं को बताया कि एसआर रंगनाथन ने ग्रंथालय विज्ञान के पांच सूत्र बनाए थे, जिनके आधार पर आज तक भारत के समस्त ग्रंथालयों में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। गणित के विद्यार्थी होते हुए भी उनकी रुचि पुस्तकालय विज्ञान की ओर हुई और उन्होंने भारत में सर्वप्रथम इस विधा का वर्गीकरण किया। रंगनाथन ने कोलन क्लासिफिकेशन थ्योरी, फाइव लॉज ऑफ लाइब्रेरी साइंस, क्लासिफाइड कैटलॉग कोड, रेफरेंस सर्विस और लाइब्रेरी एडमिनिस्ट्रेशन पर पुस्तकों की रचना की। यह सौभाग्य की बात है कि एसआर रंगनाथन द्वारा ही उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय में सर्वप्रथम 1957 में ग्रंथालय विज्ञान का कोर्स प्रारंभ किया गया था।

संयोजक स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंजना बुंदेला ने छात्राओं को रिक्त समय का उपयोग ग्रंथालय में अध्ययन कर अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तीन विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर नेट और स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण करने में सहयोग प्रदान किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में ग्रंथ अध्ययन के महत्व को देखते हुए आयोजित इस पुस्तक मेले में मुख्य रूप से नेट, स्लेट, जेआरएफ, बैंकिंग, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, यूपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं और भारतीय ज्ञान परंपरा की पुस्तकें प्रदर्शित की गईं।

कार्यक्रम में ग्रंथालय द्वारा बेस्ट रीडर अवार्ड प्राध्यापकों में विथिका जैन तथा बेस्ट वालंटियर अवार्ड बीकॉम द्वितीय वर्ष की खुशबू वर्मा, देविका अंजना और बीएससी द्वितीय वर्ष की प्रियांशी चौहान को दिया गया। आयोजन में जितेंद्र कुशवाह एवं विद्या पांचाल ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कविता जैन, मीना मोघे, मीरा यादव, मनीष परमार, मोनिका परमार, स्मिता देराश्री, सरोजिनी टॉपनो, मधु खंडेलवाल, एकता दूबे, विमल लोधीवाल, शगुफ्ता तवर, सीमा उपाध्याय, अंजना जायसवाल, अरविंद शर्मा, रुपाली झिनीवाल, अब्दुल वाहिद, अजय हाडा, महेंद्र जैन, मुनिप्रसाद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

# गुर्जर नेता बैंसला ने उठाई राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग

### मौन तीर्थ में समाजजनों के साथ किया मंथन, शिक्षा और कर्ज मुक्त समाज बनाने पर दिया जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय किरोड़ी सिंह बैंसला गुरुवार 13 अगस्त 2026 को सड़क मार्ग से उज्जैन पहुंचे। मालवा अंचल में गुर्जर समाज के मिलन सिंह गुर्जर व मेवाड़ा भांबी समाज के जितेंद्र परमार (मलिक भाई) के नेतृत्व में समाजजनों ने बड़ी संख्या में उनकी अगवानी की। मंगलनाथ रोड स्थित मौन तीर्थ के गंगा घाट पर आयोजित बैठक में उन्होंने समाज को आरक्षण दिलाने सहित विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर गहरा मंथन किया। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में भी गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति की प्रदेश इकाई गठित कर गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने का ऐलान किया। उज्जैन में समाज के साथ चर्चा के बाद वे जयपुर में आयोजित एक आवश्यक बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

बैठक को संबोधित करते हुए बैंसला ने मध्यप्रदेश में देवनारायण योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मिलकर इस योजना की रूपरेखा बनी थी, लेकिन यहां समाज को केवल अध्यक्ष पद, गाड़ी और लाल बत्ती थमा दी गई। समाज को यह सब नहीं चाहिए, बल्कि राजस्थान की तर्ज पर बच्चों के लिए स्कूल, कॉलेज और हॉस्टल चाहिए। राजस्थान में 1500 करोड़ रुपए की इस योजना से 32 लाख बच्चों को स्कॉलरशिप और आवासीय विद्यालय का सीधा लाभ मिल रहा है।

उज्जैन
शुक्रवार
14
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अनित्यानि शरीराणि विभवो नैव शाश्वतः।
नित्य संनिहितो मृत्युः कर्तव्यो धर्मसङ्ग्रहः।।

अर्थः शरीर शाश्वत है; पैसा भी स्थायी नहीं है; और मृत्यु निश्चित है, इसलिए धर्मसंग्रह करना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### फ्रूट व्यापारी पर दोबारा हमला, हमला करने पहुंचे दो युवक, बाइक छोड़कर भागे

**इंदौर।** द्वारकापुरी में फ्रूट व्यापारी दीपक कटारिया पर बुधवार रात दो युवक हथियार लेकर दोबारा हमला करने पहुंचे। एक दिन पहले ही दीपक के साथ मारपीट और ब्लेड से हमला करने की कोशिश हुई थी, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी। बुधवार रात दीपक और उसके परिवार के लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया और डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों आरोपी बाइक छोड़कर भाग गए। व्यापारी का आरोप है कि बुधवार की घटना को भी पुलिस ने पहले की शिकायत में शामिल करने की बात कही। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड पर बुधवार रात करीब 11:30 बजे दो युवक दीपक कटारिया पर हमला करने पहुंचे। दीपक और उसके परिवार के लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वे दीपक पर हमला करने आए थे और संदीप नाम के युवक ने उन्हें यहां भेजा था। परिवार ने युवक का वीडियो बना लिया। इसी दौरान डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी गई। करीब 15 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग चुके थे। पुलिस बाइक अपने साथ थाने ले गई। दीपक पर मंगलवार रात करीब 12:30 बजे भी हमला हुआ था। वह पैदल अपने घर की ओर जा रहा था, तभी दो युवकों ने उसे रोककर मारपीट की। एक युवक ने उसके चेहरे पर ब्लेड मारने की कोशिश की, लेकिन दीपक पीछे हट गया और उसे हल्की चोट लगी। इसके बाद दीपक द्वारकापुरी थाने शिकायत करने पहुंचा। पुलिस ने उसकी शिकायत सुनने के बाद एनसीआर दर्ज की और उसे रवाना कर दिया। बुधवार रात दोबारा हमला होने के बाद पुलिस ने इस घटना को भी पहले की शिकायत में शामिल करने की बात कही।

### लिवइन में रखकर शादी से किया इनकार, इंदौर में दो युवतियों से रेप के केस

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में दो युवतियों से शादी का झांसा देकर रेप के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने बुधवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। एक मामले में आरोपी युवती को लिवइन में रखकर शादी की बात टालता रहा, जबकि दूसरे मामले में आरोपी ने शादी से इनकार कर पीड़िता का नंबर ब्लॉक कर दिया। पुलिस के मुताबिक 22 साल की युवती की शिकायत पर अजय पुत्र शंकर मंसारे के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज की गई है। युवती ने बताया कि अजय उसके इलाके में ही रहता है और 2024 में दोनों की पहचान हुई थी। जुलाई 2024 में अजय ने युवती से कहा कि वह उसे पसंद करता है और उससे शादी करना चाहता है। इसके बाद दोनों साथ रहने लगे और पिपल्यापाला में किराए का फ्लैट ले लिया। पीड़िता के मुताबिक साथ रहने के दौरान दोनों के बीच कई बार संबंध बने। युवती शादी के बारे में बात करती रही, लेकिन अजय हर बार बात टालता रहा। 20 जून 2026 को अजय ने शादी करने से इनकार कर दिया और कमरा छोड़कर चला गया। इसके बाद युवती ने परिजनों को पूरी बात बताई और पुलिस में शिकायत की।

### पति-बच्चों के साथ इंदौर आ रही महिला बाइक से गिरी

**इंदौर।** इंदौर बायपास पर डीपीएस स्कूल के पास बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति और दो बच्चों के साथ बाइक से घर लौट रही थी। सड़क खराब होने के कारण पति ने बाइक धीमी की, इसी दौरान महिला पीछे की तरफ गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने पर पति उसे ऑटो से अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान सपना (30) पत्नी सुरेश बारेले निवासी गुराड़ ग्राम सांवेर के रूप में हुई है। सपना अपने मायके राजपुरा गई थी। बताया गया कि बहन और उसके पति के बीच हुए विवाद को लेकर वह परिवार से मिलने पहुंची थी। बुधवार शाम पति सुरेश और दो बच्चों के साथ बाइक से लौटते समय हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार सुरेश मिस्त्री का काम करता है। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भंवरकुआ क्षेत्र में 9 जून को हादसे में घायल हुए भूरे (24) पुत्र रामलाल निवासी सुंदेल देवास की बुधवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक भूरे जिम के पास बाइक चलाते समय डिवाइडर से जा टकराया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### पीथमपुर में तिरंगा यात्रा, 600 से अधिक बच्चे शामिल

**इंदौर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर औद्योगिक नगरी पीथमपुर में नगर पालिका परिषद द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में 600 से अधिक स्कूली बच्चों, सैकड़ों शासकीय कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। स्वतंत्रता पर्व के तहत 9 से 17 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इनमें राष्ट्रगान, स्लोगन स्पर्धा, निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं शामिल हैं। तिरंगा यात्रा हाउसिंग बोर्ड कम्युनिटी हॉल से शुरू होकर इंडेक्स हाउसिंग और छत्रछाया क्षेत्रों से गुजरी और संगम गार्डन पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए गए। इस अवसर पर शिवानी श्रीवास्तव ने कहा कि तिरंगा यात्रा भले ही एक दिन की हो, लेकिन तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रत्येक भारतीय नागरिक को प्रतिदिन प्रतिबद्ध रहना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से हटकर राष्ट्रधर्म और नागरिक कर्तव्यों को समझने का अवसर मिला।

---

2 महीने बाद भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं, घटिया पेंचवर्क करने वाले ठेकेदारों पर पेनल्टी की मांग

# नामांतरण घोटाले से गड्ढों तक, कांग्रेस ने निगम कमिश्नर को घेरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर नगर निगम की कार्यप्रणाली और शहर में नागरिकों को हो रही परेशानियों को लेकर गुरुवार को शहर कांग्रेस ने आज नेता प्रतिपत्र सोनिला मिमरोट के नेतृत्व में निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने नामांतरण घोटाले, सड़कों के गड्ढों, टैक्स भुगतान में चेक पर रोक, नगर निगम के बगीचे में अंतिम संस्कार और कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित पांच प्रमुख मुद्दे उठाए।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नामांतरण घोटाले का खुलासा हुए दो महीने से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन अब तक जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, बारिश के बाद शहर की सड़कों पर दोबारा उभरे गड्ढों को लेकर भी निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए।

कांग्रेस ने कहा कि निगम के राजस्व विभाग में सामने आया नामांतरण घोटाला बेहद गंभीर है। पूर्व में निगम की ओर से जांच कमेटी गठित कर 15 दिन में रिपोर्ट देने और दोषियों पर कार्रवाई की बात कही गई थी, लेकिन दो महीने से ज्यादा समय बीतने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।

ज्ञापन में कहा गया कि जिन अधिकारियों की आईडी से नामांतरण संबंधी पूरा खेल हुआ, उनकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। केवल यह कहकर जिम्मेदारी से बचा नहीं जा सकता कि अधिकारी को अपनी आईडी के इस्तेमाल की जानकारी नहीं थी।

कांग्रेस ने जांच रिपोर्ट का इंतजार करने के बजाय तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

**निगम के बगीचे में अंतिम संस्कार पर कार्रवाई की मांग-** नेमी नगर स्थित नगर निगम के बगीचे में अंतिम संस्कार किए जाने की घटना को लेकर भी कांग्रेस ने सवाल उठाए। कांग्रेस ने कहा कि सार्वजनिक उद्यान में इस तरह अंतिम संस्कार होना गंभीर लापरवाही है।

ज्ञापन में संबंधित उपयंत्री, उद्यान दरोगा और जोनल अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके साथ ही रहवासी संघ के पदाधिकारियों और अंतिम संस्कार करने वाले लोगों के खिलाफ जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ के मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग भी की गई।

**2 हजार मस्टर कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग-** कांग्रेस ने नगर निगम के करीब 2 हजार मस्टर कर्मचारियों के विनियमितीकरण का मुद्दा भी उठाया। पार्टी ने कहा कि निगम में पहले से कर्मचारियों की कमी है और जो कर्मचारी लंबे समय से काम कर रहे हैं, उनके हित में जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए। कांग्रेस ने सभी पात्र मस्टर कर्मचारियों की वरीयता सूची प्रकाशित कर जल्द विनियमित करने की मांग की। साथ ही पूर्व में विनियमित किए गए 3709 कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुसार डीए का लाभ देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

### स्वच्छ शहर अब गड्ढों वाले शहर के रूप में पहचाना जा रहा

कांग्रेस ने शहर की खराब सड़कों को लेकर भी निगम को घेरा। उसका कहना है कि बारिश से पहले लाखों रुपए खर्च कर सड़कों का पेंचवर्क कराया गया था, लेकिन बारिश के बाद उन्हीं सड़कों पर दोबारा गड्ढे हो गए। कांग्रेस ने इसे पिछली बार हुए पेंचवर्क की गुणवत्ता पर सवाल बताया। ज्ञापन में मांग की गई कि जिन ठेकेदारों ने पहले पेंचवर्क किया था, उन्हीं से बिना अतिरिक्त भुगतान के दोबारा गड्ढे भरवाए जाएं और घटिया काम के लिए उन पर पेनल्टी लगाई जाए। कांग्रेस का कहना है कि गड्ढों के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और कई जगह दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

### एक लाख तक के टैक्स पर चेक से भुगतान की रोक हटाएं

राजस्व विभाग के अपर आयुक्त आकाश सिंह द्वारा एक लाख रुपए से कम के टैक्स भुगतान के लिए चेक स्वीकार नहीं किए जाने के आदेश पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जताई। कांग्रेस का आरोप है कि यह नीतिगत फैसला है और अपर आयुक्त अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर ऐसा निर्णय नहीं ले सकते। ज्ञापन में इसे महापौर परिषद के अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप बताया गया। कांग्रेस ने यह आदेश तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए अपर आयुक्त आकाश सिंह के खिलाफ सिविल सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की मांग भी की। साथ ही मामले की जानकारी राज्य सरकार को भेजने और इसे उनकी गोपनीय चरित्रावली में दर्ज करने की मांग रखी।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

- नामांतरण घोटाले में जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई।
- दोबारा उभरे सड़क के गड्ढों का पेंचवर्क कराया जाए।
- घटिया पेंचवर्क करने वाले ठेकेदारों से बिना अतिरिक्त भुगतान दोबारा काम कराया जाए।
- संबंधित ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाई जाए।
- एक लाख रुपए से कम के टैक्स भुगतान पर चेक की रोक का आदेश वापस लिया जाए।

---

तिरंगा यात्रा के पीछे-पीछे चलता रहा 70 साल का बुजुर्ग

# ठेले पर तिरंगा लगाकर बटोरता रहा सड़क पर पड़ीं बोतलें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर से गुरुवार को निकली राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिए लोग देशभक्ति के गीतों पर झूमते हुए भंवरकुआं से राजीव गांधी चौराहे की ओर बढ़ रहे थे। सड़कें तिरंगे और देशभक्ति के रंग में रंगी थीं, लेकिन यात्रा के पीछे एक बुजुर्ग का अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा था।

यात्रा का आखिरी सिरा भंवरकुआं चौराहा पार कर चुका था। इसी दौरान ठेले पर तिरंगा लगाए 70 साल से अधिक उम्र के भोला बाबूलाल शिंदे धीरे-धीरे यात्रा के पीछे चलते दिखाई दिए। हाथ, ठेले के हत्थे पर था और नजर सड़क पर पड़ी प्लास्टिक की खाली बोतलों पर। जहां बोतल दिखाई देती, वे ठेला रोकते, झुककर उसे उठाते और ठेले में डाल देते। फिर आगे बढ़ जाते।



**लोग पानी पीकर आगे बढ़े, भोला बोतलें बटोरते रहे-** तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह पानी और जीरू की छोटी बोतलें बांटी गई थीं। लोग पानी और जीरू पीकर आगे बढ़ते गए और खाली बोतलें सड़क पर छूटती गईं। भोला इन बोतलों को उठाते हुए यात्रा के पीछे चलते रहे। यात्रा आगे बढ़ती रही और भोला अपना ठेला धकेलते रहे। ठेले पर लगा तिरंगा और उसमें जमा होती प्लास्टिक की बोतलें एक साथ आगे बढ़ रही थीं। उन्होंने यह काम किसी के कहने या किसी जिम्मेदारी के तहत नहीं, बल्कि अपनी इच्छा से किया। तिरंगा यात्रा में हजारों लोग देशभक्ति के जज्बे के साथ आगे बढ़ रहे थे, वहीं सबसे पीछे चलता भोला का ठेला देशप्रेम के साथ स्वच्छता और मेहनत का अलग संदेश दे रहा था।

### बोले- अपने देश में सफाई अच्छी होना चाहिए

भंडारी ब्रिज इलाके में रहने वाले भोला बाबूलाल शिंदे भंगार बीनने और बेचने का काम करते हैं। लोगों ने जब उन्हें बोतलें बीनते देखा तो बातचीत की। उन्होंने बताया कि वे यात्रा के पीछे-पीछे राजीव गांधी चौराहे तक जाएंगे। सड़क पर गंदगी देखकर वे बोतलें उठा रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि ऐसा क्यों कर रहे हैं तो उन्होंने सहजता से कहा, ₹अपने देश में सफाई अच्छी होना चाहिए, इसलिए सफाई कर रहा हूं।

### बोतलें बेचकर जुटाएंगे रोटी का इंतजाम

भोला के लिए सड़क से उठाई जा रही ये बोतलें सिर्फ कचरा नहीं थीं। इनमें उनके लिए रोजी-रोटी का इंतजाम भी छिपा था। बोतलों का क्या करेंगे, पूछने पर उन्होंने कहा, ₹दुकानदार को बेच देंगे और रोटी खा लेंगे।

---

महू-खंडवा गेज कन्वर्जन

# ओंकारेश्वर रोड स्टेशन तक जल्द शुरू हो सकती है ट्रेनों की आवाजाही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

महू-खंडवा गेज कन्वर्जन प्रोजेक्ट के तहत रेलवे ने गुरुवार को ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर सिग्नलिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की कमीशनिंग का कार्य पूरा कर लिया है। इसके साथ ही स्टेशन यार्ड और आसपास के हिस्सों में इलेक्ट्रिफिकेशन का काम भी अब अंतिम चरणों में पहुंच चुका है।

यह कार्य पूरा होते ही सनावद से ओंकारेश्वर रोड के बीच ट्रेनों के संचालन का रास्ता साफ हो जाएगा। वर्तमान में रेलवे द्वारा खंडवा से सनावद के बीच ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ओंकारेश्वर रोड स्टेशन पर रेलवे ट्रैक से संबंधित सीआरएस (कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी) निरीक्षण पहले ही पूरा किया जा चुका है। अब सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग पूरी होने से स्टेशन को यात्री सेवा के लिए शुरू करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। स्टेशन भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधाओं से जुड़े जरूरी इंतजाम भी संपन्न कर लिए गए हैं। शेष बची सुरक्षा प्रक्रियाओं और तकनीकी कार्यों को पूरा करने के बाद इस रेलखंड पर यात्री ट्रेनों की आवाजाही शुरू करने की आधिकारिक कार्रवाई की जाएगी। निर्माण, सिग्नलिंग, विद्युतीकरण व अन्य कार्यों की समीक्षा की पश्चिम रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक कुंजीलाल मीणा ने अधिकारियों के साथ ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण, सिग्नलिंग, विद्युतीकरण और विद्युत विभाग से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

---

# 5 सितंबर को रवींद्र नाट्यगृह में शिक्षक सम्मान समारोह

### शहर के उत्कृष्ट शिक्षक होंगे सम्मानित, मंगाए जाएंगे शिक्षकों के नाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। 5 सितंबर 2026 को सुबह 11 बजे रवींद्र नाट्यगृह में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा। समारोह की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने महापौर सभाकक्ष में समीक्षा बैठक ली। इस समारोह में शहर के विभिन्न स्कूलों के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।



**स्कूलों से मांगे जाएंगे शिक्षकों के नाम-** सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि उत्कृष्ट शिक्षकों के चयन के लिए शहर के सभी स्कूलों से शिक्षकों के नाम जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे। प्राप्त नामों में से चयनित शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

**समय-सीमा में पूरी करें तैयारियां-** बैठक में पहाड़िया ने अधिकारियों को समारोह की तैयारियों, मंच, बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई पूरी करें। बैठक में अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सचिव राजेन्द्र गैरोठिया, पार्षद भरत रघुवंशी, मलखान सिंह कटारिया सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---

40 पेटियों की गिनती जारी, कल भी होगी काउंटिंग, सीसीटीवी से हो रही निगरानी

# खजराना गणेश मंदिर की दान पेटियों से निकले 1.30 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में 10 अगस्त से दान पेटियों की गिनती की जा रही है। गुरुवार तक चार दिनों में दान पेटियों से 1 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि गिनी जा चुकी है। यह राशि मंदिर के बैंक खाते में जमा करा दी गई है। शुक्रवार को भी दान पेटियों से प्राप्त राशि की गिनती जारी रहेगी।

लाखों भक्तों की आस्था के केंद्र खजराना गणेश मंदिर में रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में 40 दान पेटियां रखी हैं, जिनमें भक्त अपनी श्रद्धानुसार राशि अर्पित करते हैं। मार्च के बाद अगस्त में इन पेटियों को खोला गया है। इनसे प्राप्त राशि की गिनती मंदिर परिसर में ही की जा रही है।



**4 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, वीडियोग्राफी भी-** दान राशि की गिनती वाले स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा एक वीडियोग्राफर लगातार पूरी प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग कर रहा है। दान पेटियां जिस स्थान से लाई जाती हैं, वहां भी वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है।

**मार्च में मिले थे 1.35 करोड़ रुपए-** पंडित भट्ट ने बताया कि इससे पहले मार्च में दान पेटियां खोली गई थीं। उस दौरान करीब चार महीने की दान राशि के रूप में 1 करोड़ 35 लाख रुपए प्राप्त हुए थे। यह राशि भी मंदिर के बैंक खाते में जमा करा दी गई थी।

---

शहर को 16 अगस्त को कनेक्टिविटी, मनोरंजन और विरासत से जुड़ी तीन सौगातें मिलेंगी

# ट्रैफिक को बड़ी राहत मिलेगी, 40 साल बाद रिंग रोड से जुड़ेगा अन्नपूर्णा क्षेत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर को 16 अगस्त को कनेक्टिविटी, मनोरंजन और विरासत से जुड़ी तीन सौगातें मिलेंगी। इनमें सबसे अहम पश्चिम क्षेत्र की करीब 40 साल पुरानी मांग पूरी होना है। अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड को जोड़ने वाली 0.95 किलोमीटर लंबी और 45 मीटर चौड़ी सड़क का लोकार्पण होगा। इस पर 16.61 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इंदौर जू के 14-डी थिएटर का लोकार्पण भी होगा, जबकि दशहरा मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया ये प्रोजेक्ट कनेक्टिविटी, विरासत, खेल और मनोरंजन से जुड़े हैं। इधर, निगम ने नेहरू पार्क स्विमिंग पूल भी तैयार कर लिया है। वह भी जल्द शुरू होगा। जू में 14-डी थिएटर का आकर्षण इंदौर जू में तैयार 14-डी थिएटर का भी लोकार्पण होगा। इसे जू आने वाले बच्चों और परिवारों के लिए नए आकर्षण के रूप में विकसित किया गया है। इसके जरिए वन्यजीवों से जुड़े विषयों को तकनीक आधारित अनुभव से जोड़ने की योजना है।



### 16.61 करोड़ की सड़क, रिंग रोड तक सीधा रास्ता

- सुदामा नगर और विश्वकर्मा नगर के बीच अन्नपूर्णा रोड को रिंग रोड से जोड़ने वाली सड़क करीब चार दशक से लंबित थी। 0.95 किमी लंबी सड़क को 45 मीटर चौड़ा बनाया गया है। प्रोजेक्ट पर 16.61 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।
- इसमें सीमेंट-कांक्रीट रोड के साथ सीवर चैंबर स्ट्रेंथनिंग, स्टॉर्म वाटर लाइन, ग्रीन बेल्ट, फुटपाथ, सेंटर लाइटिंग और इलेक्ट्रिक लाइन शिफ्टिंग के काम किए गए हैं। सड़क शुरू होने से पश्चिम क्षेत्र के कई इलाकों को रिंग रोड तक सीधा रास्ता मिलेगा। इससे अन्नपूर्णा सड़क पर ट्रैफिक दबाव भी घटेगा।
- दशहरा मैदान में लगेगी अटल प्रतिमा दशहरा मैदान स्थित गार्डन में भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए 16 अगस्त को भूमिपूजन होगा। प्रतिमा के माध्यम से सार्वजनिक स्थल पर उनकी स्मृति को स्थायी स्वरूप देने की योजना है।
- नेहरू पार्क में नया स्विमिंग पूल नेहरू पार्क में तैयार नवीन स्विमिंग पूल का भी लोकार्पण किया जाएगा। इसके शुरू होने से शहर में तैराकी, खेल और फिटनेस से जुड़ी एक और सुविधा उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को भी इसका फायदा मिलेगा।

## धारकुंडी आश्रम रोड पर तेंदुए का शावक दिखाः पुलिस टीम ने बनाया विडियो

**सतना।** सतना जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र में गुरुवार देर शाम पुलिस टीम को सड़क किनारे तेंदुए का शावक नजर आया। धारकुंडी आश्रम रोड पर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम ने तेंदुए को देखा और इसका वीडियो मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, धारकुंडी थाना प्रभारी विजय सिंह अपनी टीम के साथ परमहंस आश्रम की ओर पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 7 बजे सड़क किनारे झाड़ियों के पास उन्हें तेंदुए का शावक दिखाई दिया। पुलिस वाहन की रोशनी पड़ते ही शावक झाड़ियों से बाहर निकला और सड़क पार कर दूसरी तरफ जंगल में चला गया। पुलिसकर्मियों ने इस पूरे घटनाक्रम को मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। तेंदुए के देखे जाने की सूचना के बाद वन विभाग भी सतर्क हो गया है। विभाग ने आसपास के ग्रामीणों और जंगल के रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। खासकर रात के समय दोपहिया वाहन चालकों को जंगल वाले मार्ग पर धीमी गति से वाहन चलाने और अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

## शिवपुरी में बायपास क्रॉसिंग पर लगातार दूसरे दिन हादसा

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में अन्नपूर्णा होटल के सामने बायपास क्रॉसिंग पर लगातार दूसरे दिन सड़क हादसा हुआ। गुरुवार रात करीब 10:30 बजे शिवपुरी की ओर से आ रहे बाइक सवार ब्रजेश जाटव को एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ब्रजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। होटल पर मौजूद कोलारस निवासी शैलेश राजोरिया, सिद्धार्थ जैन, समर जैन, देव शिवहरे और संस्कार जैन ने घायल ब्रजेश की मदद की। उन्होंने अपने निजी वाहन से ब्रजेश को कोलारस अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद कार चालक मौके पर नहीं रुका और वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इसी स्थान पर इससे ठीक एक दिन पहले बुधवार को भी एक बड़ा हादसा हुआ था। नोहरी कला निवासी 40 वर्षीय हरि सिंह जाटव बाइक से पनवारी जा रहे थे, तभी पीछे से आए एक कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हरि सिंह अपनी बाइक समेत कंटेनर के आगे फंस गए और कुछ दूरी तक घिसटते चले गए। इस हादसे में भी वे गंभीर रूप से घायल हुए थे। उस घटना का वीडियो भी सामने आया था।

## सागर कलेक्टर कार्यालय के गेट पर युवकों में विवाद

**सागर।** सागर में कलेक्टर कार्यालय के गेट नंबर-2 के बाहर गुरुवार को कुछ युवकों के बीच वाहन को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। युवकों के बीच बेल्ट से मारपीट हुई। इसके बाद कुछ युवकों ने सड़क पर खड़ी एक बाइक पर पत्थर पटककर तोड़फोड़ कर दी। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। वायरल वीडियो में कुछ युवक कलेक्टर कार्यालय के गेट के पास आपस में विवाद और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान दो युवक हाथों में पत्थर लेकर आते हैं और सड़क पर खड़ी बाइक पर पत्थर पटक देते हैं। सड़क पर अचानक हुए विवाद और मारपीट को देखकर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। इससे मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही गोपालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मारपीट करने वाले युवक वहां से भाग चुके थे। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## गुना में महादेव संगठन से जुड़े युवक पर हमला

**गुना।** गुना जिले के राघौगढ़ इलाके में समाजसेवी युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जिलाबदर रह चुके बदमाश और उसके साथियों ने मिलकर युवक के साथ मारपीट की। मारपीट की यह घटना उउळश में भी कैद हो गई। पुलिस ने दो आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। मामला बुधवार देर रात का है। गुरुवार शाम इस मामले में राघौगढ़ थाने में ऋक्षक्ष दर्ज की गई। ऋक्षक्ष के अनुसार बसंत कुमार सोनी (30) पुत्र संतोष कुमार सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 1 मेर मोहल्ला राघौगढ़ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह ठेकेदारी का काम करते हैं। साथ ही धार्मिक कार्य करने वाले महादेव संगठन में काम करते हैं। बुधवार रात लगभग 11 बजे वह अपने दोस्त राहुल पटवा, विवेक शर्मा के साथ कार से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह मुख्य बाजार शीतला माता मंदिर के पास पहुंचे, तभी उनके पीछे पीछे बाइक से आ रहे दामोदर उर्फ दामू प्रजापति और शिवम प्रजापति मिल गए।

# नई राहः जैसे ट्रेन में स्लीपर-थर्ड एसी कोच ज्यादा होते हैं, वैसे ही सस्ते फ्लैट बढ़ाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में रीडेंसिफिकेशन के ज्यादातर बड़े प्रोजेक्ट सफल उदाहरण नहीं बन सके। टीटी नगर का गैमन प्रोजेक्ट आज तक पूरा नहीं हुआ, परी बाजार-रामनगर रीडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट भी वर्षों बाद अधूरा है। भोपाल में करीब 6 रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं।

4 साल पहले आई रीडेवलपमेंट पॉलिसी-2022 के तहत शुरू हुए नए प्रोजेक्ट्स को अगर सफल करना हो तो सिर्फ निर्माण पर नहीं, बल्कि इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अतिरिक्त बनाए जाने वाले फ्लैट और कमर्शियल स्पेस बाजार में कितनी तेजी से और किस कीमत पर बिकते हैं। क्योंकि रीडेवलपमेंट का आर्थिक मॉडल इसी बिक्री पर टिका है। अगर यहां रेल कोच मॉडल पर प्रबंधन करें तो इन प्रोजेक्ट्स को सफलता के पंख लग सकते हैं।

जिस तरह ट्रेन में फर्स्ट एसी के डिब्बे सीमित रहते हैं। थर्ड एसी और स्लीपर कोच ज्यादा होते हैं। क्योंकि सबसे बड़ा यात्री वर्ग वही होता है। उसी तरह भोपाल जैसे टियर-2 शहर में रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में प्रोडक्ट गुड मिक्स होना चाहिए।

इसमें प्रीमियम फ्लैट सीमित रहें जिन्हें बेचना आसान हो। मिड-सेगमेंट का हिस्सा बड़ा रहे ताकि ऐसे फ्लैट या मकानों की बिक्री तेजी से और आसानी से हो। बड़े और महंगे फ्लैट जरूरत से ज्यादा हुए तो इन्हें बिकने में समय लग सकता है। इसका असर प्रोजेक्ट पर पड़ेगा।



### रीडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट जो अधूरे रह गए

1. परी बाजार-रामनगरः पुरानी रीडेंसिफिकेशन योजना अब भी अधूरी। 460 सरकारी आवास और 192 बेड का नया आसरा वृद्धाश्रम बनना था। आसरा अभी शिफ्ट नहीं हुआ है। 2. गैमन, टीटी नगरः रीडेंसिफिकेशन का पुराना उदाहरण। यह वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो सका। यही देरी नई रीडेवलपमेंट पॉलिसी के लिए बड़ा सबक है।

### रविशंकर शुक्ल मार्केट में ऐसा ही मॉडल लागू

भोपाल में 5 नंबर स्टॉप स्थित रविशंकर शुक्ल मार्केट के करीब ?650 करोड़ के रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ऐसा ही मॉडल लागू किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड के मुताबिक 6.34 एकड़ में 4 टावरों में 462 फ्लैट और 112 दुकानें बननी हैं।

इनमें सबसे ज्यादा 192 फ्लैट 4 इल्ड के हैं। 154 फ्लैट 2 इल्ड के हैं। 116 फ्लैट 3 इल्ड के होंगे। हाउसिंग बोर्ड के अपर आयुक्त महेंद्र सिंह का तर्क है कि केवल छोटे और मध्यम फ्लैटों से इतने बड़े प्रोजेक्ट की लागत नहीं निकाली जा सकती। बड़े फ्लैट भी जरूरी हैं।

### रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स और उनकी स्थिति

हाउसिंग बोर्ड के पुराने ऑफिस की जगह नीचे दुकानें और ऊपर निजी ऑफिस चैंबर्स। 2. रविशंकर शुक्ल मार्केटः हाउसिंग बोर्ड का प्रोजेक्ट। 6.34 एकड़ में 462 फ्लैट और 112 दुकानें प्रस्तावित। 3. सरस्वती नगर-शास्त्री नगर : करीब 50 साल पुरानी मल्टियों के संयुक्त रीडेवलपमेंट का प्रस्ताव।

# 5 कंपनियों पर कार्रवाई, सीवेज के नाम पर सड़कें खोदकर खुली छोड़ दीं, मुरम तक नहीं डाली... दो कंपनियां ब्लैक लिस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सीवेज बिछाने निकली कंपनियों ने भोपाल को जगह-जगह खोदकर छोड़ दिया; सड़कें चलने लायक तक नहीं छोड़ीं। रेस्टोरेशन तो दूर, बारिश से पहले मुरम-गिट्टी तक नहीं डाली। 592 करोड़ के अमृत-2 प्रोजेक्ट में इस लापरवाही और धीमे काम पर नगरीय आवास एवं विकास विभाग ने दोनों कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।

गोविंदपुरा में 192 करोड़ के पैकेज-2 का काम जयवरूदी इंफ्राकॉन प्रा. लि. करीब डेढ़ साल से कर रही है। दक्षिण-पश्चिम, मध्य और उत्तर विधानसभा में 400 करोड़ के पैकेज-3 का काम एलसी इंफ्रा प्रा. लि. ने जनवरी में शुरू किया था। आयुक्त संकेत भोंडवे ने एक महीने पहले समीक्षा में दोनों कंपनियों को काम सुधारने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद स्थिति नहीं सुधरी। अब दोनों कंपनियां विभाग या उसके अधीन किसी नगरीय निकाय के नए टेंडर में हिस्सा नहीं ले सकेंगी।



इन कंपनियों के अलावा देवास अमृत-2 की दिनेशचंद्र आर अग्रवाल इंफ्राकॉन प्रा. लि., पीथमपुर अमृत-2 की आर एंड बी इंफ्रा प्रोजेक्ट लि. और सतना अमृत-1 की इनविराड प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को भी ब्लैक लिस्ट किया गया है।

**अरेरा कॉलोनी, नर्मदापुरम रोड समेत यहां सड़कें खोदकर छोड़ीं-** अरेरा कॉलोनी, नर्मदापुरम रोड, गायत्री विहार में सड़कें रेस्टोर नहीं कीं। मुरम-गिट्टी नहीं डाली। यहां पंप हाउस अटकेः गोविंदपुरा में 4, दक्षिण-पश्चिम, मध्य व उत्तर विस क्षेत्र में 6 पंप हाउस बनने हैं, एक का भी काम शुरू नहीं हुआ। अरेरा कॉलोनी व साकेत नगर सहित कई इलाकों में इंटरकनेक्शन चैंबर भी कम बने हैं।

### चाउमीन में कीड़ा मिलने की शिकायत पर रेस्टोरेंट में छापाः

सतना जिले के नागौद में एक रेस्टोरेंट पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को छापा मारा है। यह कार्रवाई एक ग्राहक द्वारा चाउमीन में कीड़ा मिलने की शिकायत के बाद की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौर ने एसबीआई चौक स्थित फूड स्ट्रीट रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, टीम ने रेस्टोरेंट से चाउमीन और पनीर के नमूने एकत्र किए। इन नमूनों को आगे की जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अधिकारी ने रेस्टोरेंट में तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और किचन की साफ-सफाई का भी जायजा लिया।

# कोडीन कफ सिरप की आशंका, 6 मेडिकल स्टोरों की गई जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भिंड

भिंड के मेहगांव क्षेत्र में कोडीनयुक्त कफ सिरप के नशे के रूप में दुरुपयोग की आशंका को लेकर औषधि विभाग ने मेडिकल स्टोरों पर औचक छापामार कार्रवाई की। औषधि निरीक्षक डॉ. आकांक्षा गरुड़ ने छह मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। कार्रवाई की भनक लगते ही चार मेडिकल स्टोर संचालक दुकानें बंद कर चले गए। विभाग ने चार अलग-अलग दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल स्थित औषधि प्रयोगशाला भेजने की कार्रवाई शुरू की है।

औषधि निरीक्षक ने मुकेश मेडिकल स्टोर, महाकाल मेडिकल स्टोर, राठौर मेडिकल स्टोर, प्रेम मेडिकल स्टोर, जादौन मेडिकल स्टोर और रवि मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान दवाओं की गुणवत्ता के साथ




मेडिकल स्टोरों पर लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी दवाओं की व्यवस्था और दवाओं के रखरखाव की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल संचालकों को निर्देश दिए गए कि पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे के बिना शेड्यूल दवाओं की बिक्री नहीं की जाए। फ्रिज में रखी जाने वाली दवाओं का उचित तापमान पर रखरखाव और पशुओं के लिए उपयोगी दवाओं को अलग रखने के निर्देश भी दिए गए।

**दमोह में 17 साल बाद मिला भाइयों को न्याय, हत्या केस में सजा रद्द**

# परिवार बोला- केस लड़ते-लड़ते जमीन और मकान बिका, बच्चों की पढ़ाई छूटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दमोह

17 साल तक हत्या के आरोप और उम्रकैद की सजा का बोझ ढो रहे दमोह के तीन भाइयों को आखिरकार हाईकोर्ट से राहत मिल गई। मड़ियादो क्षेत्र में वर्ष 2009 में हुई प्यारेलाल की हत्या के मामले में तुलसीराम, मोहनलाल और हरप्रसाद को 2012 में दमोह की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस जांच और अभियोजन के साक्ष्यों में गंभीर खामियां सामने आईं। कोर्ट ने सजा रद्द करते हुए आरोपियों को बरी कर दिया। हालांकि, इस 17 साल लंबी कानूनी लड़ाई की कीमत परिवार को अपनी करीब 6 एकड़ जमीन और मकान बेचकर चुकानी पड़ी।

परिवार का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई तक छूट गई और अब उन्हें खेती के साथ मजदूरी के लिए दिल्ली जाना पड़ता है। तुलसीराम राजपाल के मुताबिक, 25 अगस्त 2009 की रात उनके पड़ोस में रहने वाले प्यारेलाल का अपने बेटे घनश्याम से विवाद हुआ था। बहस के दौरान घनश्याम ने अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया। इलाज के दौरान प्यारेलाल की मौत हो गई। तुलसीराम का आरोप है कि इसके बाद मृतक के परिजनों ने उन पर और उनके दोनों भाइयों पर हत्या का आरोप लगा दिया। परिवार ने पुलिस को बताया था कि घटना के समय तीनों अपने घर पर थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया। तुलसीराम ने बताया कि घटना के समय उनकी उम्र 16 साल थी। उनके मुताबिक, पुलिस ने उन्हें बालिग बताकर गिरफ्तार किया और रातभर मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की पिटाई के डर से उनसे और उनके भाइयों से हत्या कबूल करवाई गई।

परिवार के अनुसार, तीनों को करीब आठ दिन तक थाने में रखा गया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। 29 जून 2012 को दमोह कोर्ट ने तीनों को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

**सीट के पीछे बैठे दो बदमाश बैग झपटकर भागे; पुलिस टीम सर्चिंग में जुटी**

# सराफा व्यापारी से 7.5 करोड़ का सोना छीना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन /रतलाम

उज्जैन के बड़नगर से रतलाम आ रहे सराफा व्यापारी से बदमाशों ने बस रुकवाकर करीब 5 किलो सोने के जेवरात से भरा बैग लूट लिया। सोने की कीमत करीब 7.50 करोड़ रुपए बताई जा रही है। बैग में 3 लाख रुपए कैश भी थे। यह रकम गुरुवार दोपहर गहने बेचने से मिली थी। वारदात गुरुवार रात करीब 9.15 बजे इंदौर फोरलेन पर बिलपांक थाना क्षेत्र के रेन फंटे के पास हुई। सूचना मिलने पर एसपी अमित कुमार, एएसपी विवेक कुमार और राकेश पंद्रो मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वाड की मदद से घटनास्थल और आसपास के इलाके में सर्चिंग की। जिले के अन्य थानों के प्रभारियों और पुलिस टीमों को भी बदमाशों की तलाश में लगाया। लेकिन देर रात तक लुटेरों का पता नहीं चल सका।

बिलपांक थाना प्रभारी अयूब खान के मुताबिक, रतलाम की महलवाड़ा जैन कॉलोनी निवासी सराफा व्यापारी अर्पित चौरड़िया गुरुवार को सोने के जेवरात बेचने के सिलसिले में बड़नगर गए थे। रात करीब 8.15 बजे वे बस से रतलाम के लिए रवाना हुए। बड़नगर से कुछ लोग बस में सवार हुए थे। ये अलग-अलग सीटों पर बैठ गए।



व्यापारी ने पुलिस को बताया कि रात करीब 9.15 बजे बस रेन फंटे के पास पहुंची। यहां ड्राइवर की सीट के पास बैठे एक व्यक्ति ने बस रुकवाई। इसी दौरान व्यापारी की सीट के पीछे बैठे दो बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया। दोनों बस से उतरकर बाइक सवार अपने साथियों के साथ भाग गए। पुलिस को आशंका है कि वारदात में करीब 5 बदमाश शामिल थे।

पुलिस के अनुसार, वारदात के बाद व्यापारी ने सबसे पहले अपने परिचित सराफा व्यापारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद 112 पर खबर की। पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। बस में बड़नगर से सवार हुए यात्रियों, घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों और बदमाशों के भागने के रास्ते की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**बैरिकेड और बाइकें सड़क पर रखकर रोका रास्ता**

# तीन दिन से यूरिया के लिए भटक रहे किसानों ने सड़क पर लगा दिया जाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजगढ

बारिश के बाद खेतों में अब यूरिया की सबसे ज्यादा जरुरत है। लेकिन बार-बार प्रयास के बाद किसानों को खाद नहीं मिल पा रही इससे परेशान होकर किसान अब उग्र प्रदर्शन के लिए भी उतारु होने लगे हे।

गुरुवार को राजगढ़ शहर के आसपास के करीब दर्जनभर गांवों के किसान खाद लेने कलेक्टोरेट के सामने स्थित विपणन सहकारी संस्था पहुंचे। यहां यूरिया नहीं मिलने से नाराज किसानों ने संस्था के बाहर रखे बैरिकेड और बाइकें जयपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर रखकर रास्ता रोक दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस, करीब आधे घंटे प्रदर्शन के बाद माने जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि संस्था में एक हजार मीट्रिक टन तक खाद रखने की क्षमता है,



लेकिन गुरुवार को संस्था के पास खाद उपलब्ध नहीं थी। अब दूसरी जगह से खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। बाजार में अधिक कीमत लेने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को राजगढ़ के सहकारी गोदाम में खाद का स्टाक नहीं होने से कुछ किसानों ने प्रदर्शन किया था। जानकारी पर किसानों को निजी दुकान से निर्धारित दर पर खाद दिलवाई है।






# डायरेक्टर ने सूर्या को बातों में उलझाकर छू लिए पैर



फिल्म विश्वनाथ एंड संस के प्रमोशनल इवेंट में डायरेक्टर वेंकी अटलूरी ने एक्टर सूर्या को बातों में उलझाकर अचानक उनके पैर छू लिए। यह घटना 11 अगस्त को हैदराबाद में फिल्म से जुड़े एक इवेंट में हुई।

दरअसल, जब सूर्या स्टेज पर बात कर रहे थे, तभी वेंकी ने ऊपर की ओर इशारा करते हुए कहा, सर, ऊपर कुछ है। सूर्या के ऊपर देखने के बाद वेंकी तुरंत झुककर उनके पैर छूने लगे। यह देखकर हैरान हो गए और मुस्कुराने लगे। इवेंट के दौरान सूर्या ने वेंकी की एनर्जी और डायरेक्शन की तारीफ भी की। वेंकी का यह वीडियो देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को फिल्म ह्यसूर्यवंशमह्न का आइकॉनिक सीन याद आ गया। फिल्म में एक्ट्रेस सौंदर्या ने भानुप्रताप की बहू और कलेक्टर का किरदार निभाया था। परिवार में मनमुटाव के चलते भानुप्रताप उनसे नाराज रहते हैं।

इसलिए सीधे उनके पैर छूने के बजाय वो पेपरवेट जानबूझकर भानुप्रताप के पैरों के पास गिरा देती है। पेपरवेट उठाने के बहाने वह नीचे झुकती है और इसी दौरान उनके पैर छूकर आशीर्वाद ले लेती है। अब वेंकी ने भी सूर्या को बहाने से ऊपर देखने को कहा और मौका मिलते ही उनके पैर छू लिए। यही वजह है कि लोगों को ह्यसूर्यवंशमह्न वाला सीन याद आ गया।



बता दें कि सूर्या की अपकमिंग फिल्म ह्यविश्वनाथ एंड संसह्न में ममिता बैजू, राधिका सरथकुमार और रवीना टंडन नजर आएंगी। विश्वनाथ एंड संस एक इमोशनल फैमिली ड्रामा फिल्म है।

फिल्म में सूर्या संजय विश्वनाथ नाम के 40 साल के इंटरनेशनल पिस्टल शूटर का किरदार निभा रहे हैं। वो ममिता बैजू के अपोजिट नजर आएंगे। कहानी में दोनों के बीच उम्र के फासले वाली लव स्टोरी दिखाई जाएगी। फिल्म का निर्देशन वेंकी अटलूरी ने किया है। इसका म्यूजिक जी.वी. प्रकाश कुमार ने दिया है।

## मैंने पूरी पीढ़ी को गटर छाप नहीं कहा; वहां शबाना आजमी टाइप लोग पहुंचे थे

# गटर छाप जनरेशन वाले बयान पर कंगना रनोट की सफाई...

अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने 'जेन जी' युवाओं पर अपने विवादित बयान पर सफाई दी है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर कर दावा किया कि जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में पूरे देश के युवा शामिल नहीं थे।

वहां जुटी 10 हजार की भीड़ में आधे युवा थे, जबकि बाकी शबाना आजमी की उम्र के लोग थे। कंगना ने कहा कि उनका इरादा पूरी पीढ़ी को 'गटर छाप' कहने का नहीं था और उन पर युवा-विरोधी होने का झूठा एजेंडा चलाया जा रहा है। जंतर-मंतर पर 2 हजार युवा थे, शबाना आजमी का नाम घसीटा कंगना रनोट ने वीडियो में कहा कि देश में जेन जी की आबादी लगभग 30 से 35 करोड़ है। जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में केवल 10 हजार के करीब लोग मौजूद थे। उन्होंने दावा किया कि प्रदर्शन स्थल पर हर उम्र के लोग घूम रहे थे और आधे से ज्यादा भीड़ शबाना आजमी की उम्र की थी।

कंगना ने चुनौती देते हुए कहा कि कोई उनका ऐसा बयान दिखाए जिसमें उन्होंने पूरी युवा पीढ़ी को निशाना बनाया हो। उन्होंने कहा किया कि वे खुद युवा हैं, राहुल गांधी की तरह 50 साल की युवा नहीं।





### 'जेनरेशन गटर' कहने पर हुआ था विवाद

इससे पहले कंगना ने प्रदर्शन कर रहे युवाओं की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने प्रदर्शन के वीडियो को देखकर उल्टी आने की बात कही थी और वहां मौजूद लोगों की भाषा पर सवाल उठाए थे। कंगना ने ऐसे प्रदर्शनकारियों को 'जेनरेशन गटर' कहा था। उन्होंने बयान दिया था कि इन युवाओं के पास सिस्टम को देने के लिए कुछ नहीं है और वे पढ़ाई-लिखाई में भी अच्छे नहीं हैं। इस बयान के बाद सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में उनकी जमकर आलोचना हुई थी।

### अब कहा- खुद को कॉकरोच कहोगे तो गटर ही घर होगा

अपने बयान पर मचे बवाल के बाद कंगना ने बातचीत में तर्क दिया था कि प्रदर्शनकारी खुद को कॉकरोच बता रहे थे। उन्होंने कहा था कि कॉकरोच का घर गटर ही होता है। अगर कोई खुद को कॉकरोच कहेगा तो वह गटर में ही रहेगा। कंगना ने कहा था कि वे खुद को कॉकरोच या गटर में रहने वाला नहीं मानती हैं। उनका कहना था कि वे पूरे देश के युवाओं की नहीं, बल्कि सिर्फ उस खास प्रदर्शन में शामिल लोगों की बात कर रही थीं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## जोक्स



मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।
पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो, 6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।

# छात्र आंदोलन के सवाल टालने पर सोनू की सफाई



सिंगर सोनू निगम ने दिल्ली में नीट पेपर लीक विवाद और परीक्षाओं में धांधली को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन पर बयान देने से बचने की वजह साफ की है।

बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में सोनू निगम ने कहा कि जिस समय उनसे ये सवाल पूछा गया तब वे अपने गुरु पंकज उदास को श्रद्धांजलि देने के इवेंट में पहुंचे थे। उन्होंने कहा वहां किसी दूसरे विषय या राजनीति पर बात करना असंवेदनशील होता। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपने पिता को वादा किया है कि जिस मुद्दे की उन्हें अधूरी जानकारी हो, उस पर वे कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। दरअसल कुछ समय पहले सोशल मीडिया पर सोनू निगम का एक वीडियो वायरल हो गया था जिसमें वे नीट परीक्षा पर मीडिया के सवालों से बचते नजर आए थे।

श्रद्धांजलि देने गए थे, राजनीति पर बोलना अपमान होता

सोनू निगम ने कहा कि मुंबई में 3 दशक से ज्यादा समय बिताने के दौरान उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस से जुड़ा एक नियम सीखा है। नियम यह है कि जिस कार्यक्रम के लिए प्रेस बुलाई गई हो, बातचीत उसी एजेंडे तक सीमित रहनी चाहिए।

सोनू ने कहा कि जब वे अपने गुरु पंकज उदास को श्रद्धांजलि देने आए थे, तब वहां राजनीति पर बोलना उनका अपमान होता। उन्होंने मीडिया से भी इस तरह के कार्यक्रमों में गरिमा बनाए रखने की उम्मीद जताई। पिता से किया वादा, बिना जानकारी नहीं दूंगा बयान सोनू निगम ने बताया कि वे अपने फोन में सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करते हैं और उनकी जिंदगी संगीत और भक्ति के इर्द-गिर्द ही घूमती है।

## 'मौत के बाद मुझसे मिलने आया सुशांत':बहन बोलीं- मुझे गले लगाया

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने हाल ही में बताया कि सुशांत की मौत के बाद उन्होंने अपने भाई की उपस्थिति, उनकी सांस और खुशबू को महसूस किया था।

यूट्यूब चैनल सुपरटॉक्स बाय द मूविंगशिप के साथ बातचीत में श्वेता ने कहा कि सुशांत के जाने के बाद उन्होंने उन्हें ड्रीम स्टेट और मेडिटेशन में महसूस किया है। उनके मुताबिक, पटना में जब सुशांत की अस्थियां विसर्जन के लिए रखी गई थीं, तब जिस कमरे में वह लेटी थीं, वहां उन्हें भाई के आने का अनुभव हुआ।

श्वेता ने बताया, ह्यउस दिन वह रात में मेरे से बात करने के लिए आया। उसने जूट का कुछ पहना हुआ था। कुर्ता टाइप की ड्रेस में आकर मुझे गले लगा लिया, मेरे से घंटों बात की। मेरे उससे बहुत सारे सवाल थे- भाई, ऐसा क्यों, बहुत कुछ पूछा। उसने मुझे सब कुछ समझा दिया और मुझे वो अंदर से वो जो खुलना होता है, नॉट्स, ग्रंथि, वो सब खुले और अंत में मुझे उसने गले लगाया, किस किया, तो उसकी जो स्मेल थी, उसकी जो सांस थी, सब कुछ मैंने फील किया।

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46/35 |

### संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | दू | ई | जी | क | शि | या | इ | नी |
| त | पी | जा | स्ले | र | ग | या | ल | ह | प | ल |
| र | ज | ए | रा | जा | बा | दू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | धि | मो | ग | प | ला | शी | ह | जी | श |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | त्या | ल | धि | क |
| र | क | ल | श | रा | ब | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ग | ल | बो | मा | व | लि | का | री | टि | जो |
| बां | क | र | तू | त | च | ले | स | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढ़िए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | | + | | - | | + | | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | | + | | ÷ | | + | | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | | - | | + | | + | | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल





**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## वर्ग पहेली



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल ..... का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## पुतिन पहली बार जापान के दावे वाले कुरील आइलैंड पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मास्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को पहली बार जापान के दावे वाले विवादित कुरील द्वीप समूह का दौरा किया। क्रेमलिन ने पुतिन के दौरे का वीडियो जारी किया। उन्होंने कुरील द्वीप पर एक फिश प्रोसेसिंग प्लांट का दौरा किया। पुतिन की इस यात्रा के बाद जापान ने कड़ा विरोध जताया और कहा कि यह इलाका उसका हिस्सा है। रूस और जापान के बीच प्रशांत महासागर में 4 द्वीपों को लेकर 80 साल से विवाद है। जापान इसे नॉर्दर्न टेरिटरीज कहता है जबकि रूस इन्हें कुरील आइलैंड ग्रुप का हिस्सा मानता है। रूस और जापान के बीच प्रशांत महासागर में स्थित चार द्वीपों को लेकर विवाद है। जापान इन्हें 'नॉर्दर्न टेरिटरीज' (उत्तरी क्षेत्र) कहता है, जबकि रूस इन्हें कुरील द्वीप समूह का हिस्सा मानता है। द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी दिनों में 1945 में सोवियत संघ ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद यहां रहने वाले करीब 17 हजार जापानी नागरिकों को वहां से हटा दिया गया। कब्जे के बाद सोवियत संघ ने यहां हवाई और नौसैनिक अड्डे बनाए। प्रशांत महासागर में रणनीतिक स्थिति होने की वजह से इन द्वीपों का सैन्य महत्व लगातार बढ़ता गया। आज भी रूस यहां बड़ी संख्या में सैनिक और आधुनिक सैन्य उपकरण तैनात रखता है। द्वितीय विश्व युद्ध खत्म होने के बाद ज्यादातर देशों ने आपस में शांति संधि (पीस ट्रीटी) पर हस्ताक्षर कर दिए थे, लेकिन कुरील द्वीपों के विवाद की वजह से रूस और जापान आज तक ऐसा नहीं कर सके हैं।

## ट्रम्प की वफादार कैरोलिन लेविट ने नौकरी छोड़ी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में गिनी जाने वाली व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 28 साल की लेविट इस महीने के आखिर में व्हाइट हाउस छोड़ देंगी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि लेविट अब अपने परिवार और दो छोटे बच्चों को ज्यादा समय देना चाहती हैं। हालांकि, वह ट्रम्प की बाहरी सलाहकार बनी रहेंगी और रिपब्लिकन पार्टी के लिए काम करती रहेंगी। लेविट 27 साल की उम्र में अमेरिका के इतिहास की सबसे कम उम्र की व्हाइट हाउस प्रेस सचिव बनी थीं। मई में बेटी के जन्म के बाद वह कुछ समय के मातृत्व अवकाश पर गई थीं और कुछ दिन पहले काम पर लौटी थीं। उनका एक दो साल का बेटा भी है। अप्रैल 2026 में जब व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी पर पूरी दुनिया की नजर थी, तब कैरोलिन लेविट ने अपना मातृत्व अवकाश शुरू करने के बजाय खुद कैमरे के सामने आकर ट्रम्प प्रशासन की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया दी। इसके बाद ही वह मातृत्व अवकाश पर गईं।

## ब्रिटेन में कट्टरपंथी नेता के सामने कूड़ेदान वाला उम्मीदवार

ब्रिटेन में इन दिनों एक ऐसा उम्मीदवार चर्चा में है, जो चुनाव प्रचार के दौरान कूड़ेदान जैसी पोशाक पहनता है और खुद को एलियन बताता है। काउंट बिनफेस नाम के ये उम्मीदवार क्लैक्टन उपचुनाव में रिफॉर्म यूके के कट्टरपंथी नेता नाइजेल फराज के खिलाफ मैदान में हैं। काउंट बिनफेस का कहना है कि चुनाव का नतीजा कुछ भी हो, जीत उसी की मानी जाएगी। वह अपने अजीबोगरीब वादों की वजह से भी खूब चर्चा में है। वे हर नागरिक को सस्ता घर देने का वादा कर रहे हैं। काउंट बिनफेस का किरदार 46 वर्षीय लेखक और कॉमेडियन जॉन हार्वे निभाते हैं। वे काउंट बिनफेस नाम से कई बार चुनाव लड़ चुके हैं। हार्वे ने पहली बार 2017 के ब्रिटिश आम चुनाव में लॉर्ड बकेटहेड नाम से तत्कालीन पीएम थेरेसा मे के खिलाफ चुनाव लड़ा था। इस नाम को लेकर कॉपीराइट विवाद हो गया। दरअसल, लॉर्ड बकेटहेड भी एक व्यंग्यात्मक काल्पनिक किरदार है। यह काले रंग की टोपी पहनता है जो कि बाल्टी जैसा दिखता है। सबसे पहले 1987 में माइक ली नाम के एक शख्स ने लॉर्ड बकेटहेड नाम से यह चुनाव लड़ा था। इसके बाद हार्वे को लॉर्ड बकेटहेड नाम छोड़ना पड़ा। इसके बाद हार्वे ने काउंट बिनफेस किरदार को 2018 में चुनाव से कुछ महीने पहले लॉन्च किया।

## सुखबीर बादल की छाती में कृपाण घोंप करनी थी हत्या

महाराष्ट्र के नांदेड में गुरुद्वारा माता साहिब में निहंग ने शिरोमणि अकाली दल (रअऊ) के अध्यक्ष व पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर कृपाण से हमला किया। हालांकि, हमलावर निहंग को उसी समय दबोच लिया। अब तक की पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि हमलावर निहंग जसपाल सिंह सुखबीर की छाती पर हमला कर हत्या करने वाला था। आरोपी निहंग ने सुखबीर बादल के सामने आते ही अपनी कृपाण निकालकर उनकी छाती की तरफ वार किया, लेकिन सुखबीर बादल ने अपना हाथ आगे कर दिया, जिसकी वजह से कृपाण छाती तक नहीं पहुंची और बाजू में घाव हो गया। सुखबीर बादल के हाथ पर कृपाण से करीब 5 सेंटीमीटर का कट लगा। डॉक्टरों को 8 से 9 टांके लगाने पड़े। नांदेड़ के एसपी निलाभ रोहन ने बताया कि आरोपी को अरेस्ट कर पूछताछ की जा रही है। अभी तक की पूछताछ में उसने कहा कि वह पंजाब में नशे को लेकर गुस्से में था। इसीलिए उसने सुखबीर बादल पर हमला किया। वहीं, इस मामले में गुरुद्वारा प्रबंधन के बाबा जग्गा सिंह ने कहा कि जसपाल सिंह 2 साल से गुरुद्वारे में सेवा कर रहा है। वह मानसिक तौर पर ठीक नहीं है।

## राहुल बोले-देश में लोगों को बोलने से रोका जा रहा

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया, ह्यसरकार लोगों को अपनी बात रखने से रोक रही है। सरकार व्यवस्था लागू करना चाहती है, जबकि कांग्रेस का काम भारत को अपनी बात कहने का मौका देना है। उन्होंने यह बात दिल्ली में कांग्रेस के रचनात्मक कांग्रेस प्रकोष्ठ अधिवेशन में कही। राहुल ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्र अपनी बात रखना चाहते थे। छात्र परेशान थे और अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहते थे, लेकिन सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। सरकार को समझ आ गया है कि लोग अब चुप नहीं रहेंगे। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की फॉरेन पॉलिसी का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि पीएम की कूटनीति विदेशी नेताओं को गले लगाने से कुछ ज्यादा नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कभी चाणक्य और सरदार पटेल जैसे नामों से जोड़ा जाता था, लेकिन अब वह संसद में प्रवेश तक नहीं कर पाए। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहली बार उन्हें भारत की आवाज और उसकी अभिव्यक्ति का सामना करना पड़ रहा है।

भारत में बहुत से लोग कायरों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। अगर आप ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ रहे हों और डर लगने की बात कहें तो समझ में आती है, लेकिन आज आप उन मसखरों और जोकरों से लड़ रहे हैं, जिन्हें हमारे दर्शन या इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है।

# ईरान जंग ने बदला दशकों पुराना तेल कारोबार, होर्मुज पर भरोसा खत्म हुआ, अब नई पाइपलाइन पर अरबों डॉलर खर्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

छह महीने पहले तक खाड़ी देशों के लिए तेल बेचना बेहद आसान था। सबसे कम लागत में तेल निकालो, होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते दुनिया तक पहुंचाओ और सबसे ज्यादा कीमत देने वाले देशों को बेच दो। लेकिन ईरान के साथ जंग के बाद यह मॉडल बदल गया है।

28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद होर्मुज स्ट्रेट से तेल ढुलाई लगातार प्रभावित रही। समुद्री बारूदी सुरंगों, मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे, अमेरिका और ईरान की नाकेबंदी तथा बढ़ी बीमा लागत के कारण इस रास्ते से हर दिन गुजरने वाला कच्चा तेल 2 करोड़ बैरल से घटकर 37 लाख बैरल रह गया। इसी वजह से सऊदी अरब, वअए और कुवैत समेत कई खाड़ी देश अब होर्मुज पर निर्भरता कम करने में जुट गए हैं। नई पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं, पुरानी लाइनों की क्षमता बढ़ाई जा रही है और एशिया में ऑयल स्टोरेज तैयार किया जा रहा है।



इस बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल UAE है। ओमान की खाड़ी के किनारे बसे फुजैरा में दूसरी तेल पाइपलाइन का काम तेजी से चल रहा है। यह पाइपलाइन अबू धाबी के तेल क्षेत्रों को सीधे फुजैरा बंदरगाह से जोड़ेगी, जिससे टैंकरों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रोजेक्ट पूरी होने के बाद वअए की होर्मुज स्ट्रेट को बायपास कर तेल निर्यात करने की क्षमता बढ़कर 36 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। यानी कि अबू धाबी के लगभग पूरे ऑनशोर तेल को बिना होर्मुज स्ट्रेट में प्रवेश किए सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक भेजा जा सकेगा। ऑनशोर तेल का मतलब है जमीन पर स्थित तेल इलाके से निकाला गया कच्चा तेल। इसके उलट ऑफशोर तेल समुद्र के अंदर बने तेल कुओं से निकाला जाता है। वअए सिर्फ तेल ही नहीं, गैस कारोबार को भी सुरक्षित बनाने में जुटा है। उसकी सरकारी कंपनी एडीएनओसी ने प्राकृतिक गैस परियोजनाओं में 8.2 अरब डॉलर निवेश करने का ऐलान किया है। साथ ही पूर्वी तट पर नया छठऋ निर्यात टर्मिनल बनाने की योजना है, ताकि भविष्य में गैस निर्यात भी होर्मुज स्ट्रेट पर कम निर्भर रहे।




### भारत, जापान और दक्षिण कोरिया में भी तेल जमा कर रहे

खाड़ी देशों की रणनीति सिर्फ नई पाइपलाइन बनाने तक सीमित नहीं है। वे भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में अतिरिक्त तेल भंडारण भी तैयार कर रहे हैं। ताकि अगर भविष्य में होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से बंद हो जाए, तो तेल पहले से ही उसके बाहर मौजूद रहे और सप्लाई नहीं रुके।

### नए रास्ते भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं

हालांकि, होर्मुज का विकल्प भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। सऊदी का ज्यादा तेल अब रेड सी और बाब अल-मंदेब स्ट्रेट से गुजर रहा है, जहां यमन के हूती विद्रोही लगातार जहाजों पर हमले कर रहे हैं। इसी सप्ताह रेड सी में एक जहाज पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हुई।

### सऊदी ने रेड सी को बनाया नया रास्ता

होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते खतरे के बाद सऊदी अरब ने अपनी 1,201 किलोमीटर लंबी ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा दिया है। 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान बनी यह पाइपलाइन देश के पूर्वी तेल क्षेत्रों को रेड सी के यानबू पोर्ट से जोड़ती है। अब सऊदी अरब इसी पाइपलाइन के जरिए हर दिन 70 लाख बैरल कच्चा तेल रेड सी के रास्ते दुनिया के बाजारों तक भेज रहा है। सरकार इसकी क्षमता में 10 से 20 लाख बैरल प्रतिदिन की और बढ़ोतरी की तैयारी कर रही है। साथ ही रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों के लिए समानांतर नई पाइपलाइन बनाने पर भी काम चल रहा है।

### कुवैत और इराक भी नए रास्ते तलाश रहे

कुवैत सऊदी अरब और अन्य अरब देशों के साथ ऐसी पाइपलाइन पर चर्चा कर रहा है, जो उसके तेल क्षेत्रों को रेड सी या ओमान के बंदरगाहों से जोड़ सके। वहीं, इराक और जॉर्डन ने कई साल से रुकी पाइपलाइन परियोजना फिर शुरू कर दी है। इसके जरिए हर दिन 10 लाख बैरल तक तेल रेड सी के अकाबा बंदरगाह तक भेजा जा सकेगा। इराक, किरकुक से सीरिया के भूमध्यसागरीय तट तक जाने वाली क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत भी तेज कर रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि खाड़ी देश होर्मुज पर अपनी निर्भरता जरूर कम करेंगे, लेकिन उसे पूरी तरह छोड़ नहीं पाएंगे। क्रिस्टोल एनर्जी की चीफ कैरोल नखले कहती हैं, ह्लहोर्मुज स्ट्रेट के फायदे इतने ज्यादा हैं कि उसे पूरी तरह बदला नहीं जा सकता। लेकिन अब केवल उसी पर भरोसा करना भी संभव नहीं है।

### इमरान खान से रिश्तेदारों की मुलाकात पर सुप्रीम कोर्ट करेगी फैसला

# जेल से अस्पताल भेजने की याचिका पर भी सुनवाई, पाकिस्तानी कोर्ट के 3 जज सुनेंगे केस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात और उनके इलाज से जुड़ी याचिकाओं पर 18 अगस्त को सुनवाई तय की है। मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी। कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय ने सभी संबंधित पक्षों और उनके वकीलों को नोटिस जारी कर दिए हैं। बेंच में जस्टिस शाहिद वाहिद, जस्टिस नईम अफगान और जस्टिस इश्तियाक इब्राहिम शामिल हैं।

इमरान खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार, आतंकवाद समेत कई मामलों की सुनवाई चल रही है। अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उनकी सरकार गिरने के बाद से उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (ढळक) लगातार उनकी रिहाई और उनसे मुलाकात की मांग करती रही है।]

### इमरान ने अरविंद केजरीवाल का जिक्र किया था

इमरान खान जब आखिरी बार सुनवाई के लिए पेश हुए थे तब उन्होंने आरोप लगाया था कि आम चुनाव से पांच दिन पहले अलग-अलग मामलों में उन्हें दोषी ठहराया गया, ताकि वे चुनाव से बाहर हो जाएं। इमरान ने भारत का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी गई, जबकि उन्हें ऐसा कोई मौका नहीं दिया गया। उनका कहना था कि लोकतंत्र में चुनाव के दौरान सभी नेताओं के साथ समान व्यवहार होना चाहिए।

### पाकिस्तानी पत्रकार ने जताई थी मौत की आशंका

अमेरिका में रह रहे पाकिस्तानी पत्रकार वजाहत सईद खान ने इस हफ्ते एक वीडियो जारी कर इमरान खान की मौत की आशंका जताई थी। इस दावे के बाद इमरान खान की बहनों ने भी सवाल उठाए थे कि उन्हें अपने भाई से मिलने की अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। बाद में वजाहत ने सफाई दी कि इमरान खान की मौत की खबर की उन्होंने पुष्टि नहीं की थी। यह सिर्फ सेना के कुछ अधिकारियों से मिली जानकारी के आधार पर लगाया गया उनका अनुमान था।

### इमरान की पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने कहा है कि यदि इमरान खान से मुलाकात की अनुमति नहीं दी गई तो वह बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी। पार्टी ने 27 सितंबर को इस्लामाबाद तक लॉन्ग मार्च का भी ऐलान किया है। पार्टी का दावा है कि जरूरत पड़ने पर 20 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर सकते हैं। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहैल अफरीदी ने कहा कि ढळक की केंद्रीय और प्रांतीय नेतृत्व इस फैसले के साथ है।




# बांग्लादेश में 35 साल बाद राष्ट्रपति चुनाव में मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में 35 साल बाद राष्ट्रपति चुनाव का मुकाबला होने जा रहा है। 1991 के बाद यह पहली बार है, जब राष्ट्रपति पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में होंगे।

रूलिंग पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने गुरुवार को पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। बांग्लादेश में राष्ट्रपति को जनता सीधे नहीं चुनती। संसद के सदस्य राष्ट्रपति का चुनाव करते हैं। फरवरी में हुए आम चुनाव में इठढ को संसद में दो-तिहाई बहुमत मिला था। इसलिए फखरुल की जीत लगभग तय मानी जा रही है।

दूसरी ओर, बांग्लादेश की मुख्य कट्टरपंथी विपक्षी पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने भी अपना उम्मीदवार उतारा है। जमात के नेतृत्व वाले गठबंधन के नेता और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल ओली अहमद ने भी अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया है। चुनाव 20 अगस्त को होगा।

बांग्लादेश में अब तक 12 राष्ट्रपति चुनाव हुए हैं। इनमें 8 बार राष्ट्रपति निर्विरोध चुने गए। संविधान लागू होने के बाद पहला राष्ट्रपति चुनाव 1974 में हुआ, जिसमें सांसदों ने वोट देकर मोहम्मद मोहम्मदुल्लाह को चुना।

# टाइम100 फेम एरियाना ने हफिंगटन पोस्ट को ग्लोबल ब्रांड बनाया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

करोड़ों की सैलरी, सीईओ जैसा पद और दुनिया भर में रुतबा हासिल करने के बाद भी कई दिग्गज खुश नहीं हैं। ये कहना है ग्लोबल मीडिया ब्रांड हफिंगटन पोस्ट की संस्थापक एरियाना हफिंगटन (76) का।

वो कहती हैं कि उनके कई सीईओ दोस्त अपनी नौकरी से लगाव खत्म होने के बावजूद छोड़ने से घबराते हैं। इसकी वजह ह्यआइडेंटिटी ट्रैपह्न यानी पहचान का जाल है। जब कोई बड़ा पद किसी व्यक्ति की पूरी पहचान बन जाता है, तो उसे छोड़ना सिर्फ सैलरी नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व को खोने जैसा लगने लगता है।

एरियाना निजी अनुभवों से बताती हैं कि 11 वर्षों की कड़ी मेहनत से उन्होंने अपनी कंपनी को शीर्ष पर पहुंचाया। दो बार ह्यटाइम 100ह्न सूची में आईं। हजार करोड़ नेटवर्थ वाली एरियाना ने 2016 में शीर्ष पर पहुंचकर पद छोड़ा और नई हेल्थ-वेलनेस कंपनी शुरू की।

### ईरान जंग के दौरान तनाव से जूझ रहे; इस वॉरशिप पर 5000 मरीन

# नौसैनिकों ने वॉरशिप से कूदने की कोशिश की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी वॉरशिप यूएसएस अब्राहम लिंकन पर तैनात अमेरिकी नौसैनिक मानसिक और शारीरिक तनाव से गुजर रहे हैं। नेवी टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जहाज पर तैनात 6 अमेरिकी सैन्यकर्मियों ने जहाज से समुद्र में कूदने की कोशिश की। यूएसएस अब्राहम लिंकन करीब 9 महीने से समुद्र में है। ये वॉरशिप ईरान जंग के दौरान लगातार 250 से ज्यादा दिन तक बिना किसी पोर्ट पर रुके समुद्र में चल रहा है। इस पर करीब 5,000 अमेरिकी मरीन तैनात हैं। जहाज 21 नवंबर 2025 को सैन डिएगो से रवाना हुआ था। इसे पहले प्रशांत क्षेत्र में जाना था, लेकिन इजराइल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद इसे पश्चिम एशिया भेज दिया गया। इस तैनाती को पहले मई में खत्म होना था, लेकिन इसे कई बार आगे बढ़ाया गया। लगातार बढ़ती तैनाती और लंबे समय तक समुद्र में रहने का असर जहाज पर तैनात लोगों की मानसिक और शारीरिक हालत पर पड़ रहा है। मानसिक तनाव के साथ-साथ जहाज पर रहने की खराब होती सुविधाओं को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं।




### रक्षा मंत्री बोले- जहाज में सब सही, फेक न्यूज फैलाई

खराब हालात से जुड़ी रिपोर्टों को अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वॉरशिप पर ऐसी कोई परेशानियां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लोग बस फेक न्यूज फैला रहे हैं। इसके जवाब में माइक लेविन ने रक्षा मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये सैनिक अपने देश की सेवा करने के लिए सेना में शामिल हुए हैं। देश को कम से कम उन्हें गर्म पानी, काम करने वाला टॉयलेट और अच्छा खाना तो देना ही चाहिए। लेविन ने आरोप लगाया कि हेगसेथ ये बुनियादी सुविधाएं तक नहीं दे पा रहे हैं और इसके बावजूद परिवारों के सामने खड़े होकर उन्हें झूठा कह रहे हैं।

# बांग्लादेश में 10-10 घंटे बिजली कट रही, सरकार ने रात 8 बजे बाजार बंद करने का आदेश दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में बिजली संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। देश के कई हिस्सों में रोज 8 से 10 घंटे तक बिजली कट रही है। इसका सबसे ज्यादा असर राजधानी ढाका के बाहर ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है। तेज गर्मी और हीटवेव ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

बिजली की कमी से निपटने के लिए सरकार ने बुधवार से देशभर में शॉपिंग मॉल, बाजार और दुकानों को रात 8 बजे तक बंद करने का आदेश दिया है। बिजली संकट से निपटने के लिए बांग्लादेश ने अब भारत से अतिरिक्त डीजल देने की मांग की है।

बांग्लादेश में बिजली संकट की सबसे बड़ी वजह ईंधन की कमी है। खासकर प्राकृतिक गैस की कमी ने बिजली उत्पादन को प्रभावित किया है। बांग्लादेश अपने इस्तेमाल का 90% से ज्यादा तेल और करीब 30% गैस दूसरे देशों से खरीदता है। अमेरिकी कंपनी एक्सेलरेट एनर्जी के टर्मिनल में 21 जुलाई को आग लग गई। इसके बाद टर्मिनल बंद हो गया था। इस हफ्ते की शुरूआत में यहां कुछ काम दोबारा शुरू हुआ, लेकिन तब तक सप्लाई आधी रह गई थी। समुद्र में खराब मौसम की वजह से कम से कम दो जहाज टर्मिनल तक नहीं पहुंच पाए और अपना माल नहीं उतार सके।



### ग्रामीण इलाकों में ज्यादा कटौती

बांग्लादेश में बिजली की सप्लाई छह वितरण कंपनियां करती हैं। राजधानी ढाका को फिलहाल उसकी जरूरत के मुताबिक बिजली मिल रही है। लेकिन ढाका के बाहर ग्रामीण इलाकों में करीब 80 बिजली सहकारी समितियां सप्लाई करती हैं। मयमनसिंह, बरिशाल, रंगपुर, सिलहट, राजशाही और खुलना में बिजली संकट का ज्यादा असर है। ज्यादातर इलाकों में रोज 3 से 5 घंटे बिजली कट रही है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 14 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

मृतं शरीरमुत्सृज्य काष्ठलोष्ठसमं क्षितौ।
विमुखा बान्धवा यान्ति धर्मस्तमनुगच्छति।।

**भावार्थ** : जैसे लकड़ी के टुकड़े शव को छोड़ते हैं, वैसे ही परिजन भी मुंह मोड़कर चले जाते हैं। मनुष्य के पीछे धर्म ही चलता है।

सकलापि कला कलावतां विकला धर्मकलां विना खलु।
सकले नयने वृथा यथा तनुभाजां कनीनिकां विना।।

**भावार्थ** : जिस प्रकार किसी के बिना मनुष्य की आंखें फीकी पड़ जाती हैं, उसी प्रकार धर्म की कला के बिना सारी कलाएं बेकार हैं।

## समक्षं व्यक्तिगतरूपेण उपस्थितेः छूटं प्राप्तुं न शक्यते

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

न्यायालयेन अवलोकितं यत् एकदा कश्चन व्यक्तिः सार्वजनिकजीवने प्रवेशं करोति तदा केवलं विरोधस्य आशङ्कायाः अथवा अण्डस्य क्षेपणस्य कारणेन अन्वेषणाधिकारिणः समक्षं व्यक्तिगतरूपेण उपस्थितेः छूटं प्राप्तुं न शक्यते। न्यायाधीशः दीपङ्करदत्तः न्यायाधीशः शीलनागुः च समाविष्टा पीठिका शुक्रवासरे महुआ मोइत्रायाः याचिकायाः श्रवणं कुर्वन् आसीत्। मोइत्रा पश्चिमबङ्गदेशे पञ्जीकृतस्य एफआईआर-सम्बद्धे विडियो-सम्मेलनद्वारा अन्वेषण-अधिकारिणः समक्षं उपस्थितस्य अनुमतिं याचितवान् आसीत्।

## सम्पादकीयम्

### तालीवादनं उद्भवति

सः गणितविरामैः, आनन्देन च कथां कथयति, प्रेक्षकाः च विनोदे सम्मिलिताः भवन्ति। तालीवादनं उद्भवति, हास्यं च प्रतिध्वनितम्-यथा तेजस्वी मुष्टिरेखा प्रदत्ता, अथवा सः स्वस्य पुरुषत्वस्य सजीवप्रदर्शनं प्रदर्शयति इव। संवेदनशीलता हसने नष्टा वास्तविकः प्रश्नः न तु कथं सः उक्तवान्, अपितु कथं सः एतावत् सहजतया सर्वं वक्तुं समर्थः अभवत्। सः आत्मविश्वासः तस्य स्वकीयः नासीत्; तत् एकस्मात् वातावरणात् उत्पन्नम् यत्र तस्मै निरन्तरं शिक्षितं यत् स्त्रियाः विषये हास्यं करणं सामान्यम् अस्ति, तेषां अस्तित्वस्य मापनं 'व्ययस्य' विरुद्धं 'प्रतिगमनस्य' दृष्ट्या सामान्यम् अस्ति, तेषां गौरवस्य हसनेन निराकरणं सामान्यम् इति च बाल्यकालात एव अग्रे प्रेषितानां हास्यानां सम्मुखीभवति-स्त्रीणां चित्रणं व्ययकारिणः वा धूर्ताः वा-एवमेव हास्यस्य ब्राण्ड् यत्र स्त्रियाः शरीरं, रूपं च सुलभतमं मुष्टिप्रहारं भवति, तथा च तानि एव अश्लीलवाक्यानि यत्र मातरः भगिन्यः च सुलभतमाः लक्ष्याः भवन्ति। क्रमेण एतत् एतावत् सामान्यं भवति यत् किं दोषं 'सामान्यम्' इति रेखा धुन्धलं भवति, अन्तधार्नं च भवति। यदा अपमानः सामग्री भवति अस्माकं परितः प्रतिदिनं एतत भवति, यदि कोऽपि व्यत्ययं कर्तुं साहसं करोति तर्हि एतेषां व्यक्तिनां सज्जः प्रतिवचनं भवति यत् किमर्थं त्वं किमपि न कृत्वा महत् कार्यं करोषि, मनुष्य?

चिकित्साछात्राणां कृते ग्रामीणसेवाविषये

# सर्वोच्चन्यायालयस्य प्रमुखः सुझावः एकरूपराष्ट्रव्यापीनीतिविषये बलं ददाति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

सर्वोच्चन्यायालयेन चिकित्साशास्त्रस्य छात्राणां कृते अनिवार्यग्रामीणसेवाविषये महत्त्वपूर्णः सुझावः प्रदत्तः अस्ति। न्यायालयेन उक्तं यत् चिकित्साशिक्षां कुर्वतां छात्राणां कृते अनिवार्यग्रामीणसेवाविषये देशे सर्वत्र एकरूपनीतिः भवितुमर्हति। न्यायालयेन अपि टिप्पणीकृतं यत् चिकित्साशिक्षा केवलं व्यक्तिगतलाभस्य साधनं नास्ति; एतादृशी शिक्षां प्राप्यमाणानां छात्राणां राष्ट्रनिर्माणस्य प्रति अपि दायित्वं भवति। सुनवायीकाले सॉलिसिटर जनरल् इत्यनेन एतादृशस्य अखिलभारतीयनीतेः निर्माणविषये केन्द्रसर्वकाराद् निर्देशान् प्राप्तुं समयः याचितः, येन सर्वोच्चन्यायालयेन सुनवायी सप्ताहत्रयपर्यन्तं स्थगितवती।

न्यायाधीशः पी.एस.नरसिंहः न्यायाधीशः आलोक आराधे च समाविष्टा पीठिका कर्नाटकसर्वकारेण जारीकृता अधिसूचनायाः चुनौतीं दत्तस्य याचिकायाः श्रवणं कुर्वती आसीत्। एषा अधिसूचना आज्ञापयति यत् चिकित्साशास्त्रस्य छात्राः कर्णाटकचिकित्सापरिषदे स्थायीपञ्जीकरणस्य पात्रतां प्राप्तुं पूर्वं एकवर्षं अनिवार्यसार्वजनिकग्रामीणसेवां सम्पन्नं कुर्वन्तु। याचिका एतां व्यवस्थां चुनौतीं ददाति तथा च निजी-गणित-विश्वविद्यालयेषु निजी-सीटेषु अध्ययनं कुर्वतां चिकित्सा-छात्राणां कृते अस्याः अनिवार्यसेवायाः छूटं याचते।

सुनवायीकाले न्यायाधीशः पी. एस.नरसिंहः अवलोकितवान् यत् एषा नीतिः महत्त्वपूर्णा अस्ति, अस्मिन् विषये एकरूपा राष्ट्रियनीतिः निर्मातव्या इति। चिकित्साशिक्षां कुर्वतां छात्राणां राष्ट्रनिमार्णं प्रति उत्तरदायित्वं भवति इति सः बोधितवान्। निजीचिकित्समहाविद्यालयेषु अध्ययनं कुर्वन्तः छात्राः ग्रामीणक्षेत्रेषु सेवां कर्तुं किमर्थं मुक्ताः भवेयुः इति अपि न्यायालयेन प्रश्नः कृतः।



याचिकाकतार्नां प्राथमिकः आक्षेपः कर्नाटकदेशे कार्यान्वितायाः अनिवार्यग्रामीणसेवाव्यवस्थायाः विषये वर्तते, यस्याः अन्तर्गतं स्वस्य चिकित्साशिक्षां सम्पन्नं कुर्वन्तः छात्राः स्थायीपञ्जीकरणार्थं आवश्यकं आपत्तिरहितप्रमाणपत्रं (एनओसी) प्राप्तुं पूर्वं एकवर्षं सार्वजनिकग्रामीणसेवां कर्तुं अर्हन्ति। कर्नाटके एषा प्रणाली 'कर्नाटक अनिवार्यसेवाप्रशिक्षणकानूनम्, २०१२' इत्यस्य आधारेण तथा च तस्य अन्तर्गतं २०१५ तमे वर्षे निर्मितानाम् नियमानाम् आधारेण कार्यान्विता अस्ति। अस्याः प्रणाल्याः अन्तर्गतं प्रत्येकं एमबीबीएस स्नातकस्य, स्नातकोत्तरचिकित्सापाठ्यक्रमात डिप्लोमा वा उपाधिधारकाणां, सुपर-विशेषतापाठ्यक्रमस्य अभ्यर्थीनां च कृते अनिवार्यं एकवर्षीयं सार्वजनिकग्रामीणसेवायाः आवश्यकता निर्धारिता अस्ति एषा शर्तः तेषां छात्राणां कृते प्रवर्तते ये सर्वकारीयविश्वविद्यालयेषु अथवा निजीविश्वविद्यालयेषु अथवा गण्यमानेषु विश्वविद्यालयेषु सर्वकारीयकोटासीटानां माध्यमेन अध्ययनं सम्पन्नवन्तः। आवश्यकं आपत्तिरहितप्रमाणपत्रं-यत् अभ्यर्थिनं कर्नाटकचिकित्सापरिषदे स्थायीपञ्जीकरणाय पात्रं करोति-एतस्याः निर्धारितसेवायाः समाप्तेः अनन्तरमेव निर्गतं भवति। २०२३ तमे वर्षे जारीतया अधिसूचनायाम् अस्याः प्रणाल्याः व्याप्तिः विस्तारिता यत् अनिवार्यसेवायाः परिधिमध्ये निजी-विश्वविद्यालयेषु निजी-सीटेषु प्रवेशं प्राप्ताः अभ्यर्थिनः अपि समाविष्टाः अभवन् याचिकाकर्ताभिः एतस्यैव विस्तारस्य आव्हानं कृतम् अस्ति।

अन्तिम-ओवर-मध्ये गुर्नू

## ब्रारस्य तूफानः स्टेडियमः चतुर्भिः षड्भिः प्रतिध्वनितवान्

ब्रह्मास्त्र ›› कोलम्बो

भारतस्य श्रीलङ्का-क्रिकेट्-एकादशस्य च अभ्यास-क्रीडायाः द्वितीयदिने भारतीयपारीयाः अन्तिम-ओवर-मध्ये गुर्नू-ब्रा-इत्यनेन एतादृशं विस्फोटकं बल्लेबाजीं प्रसारितम् यत् भारतीय-डगआउट्-मध्ये उपविष्टः मुख्यप्रशिक्षकः गौतम-गम्भीरः अपि स्वस्य आनन्दं गोपयितुं न शक्तवान् अन्तिमे ओवरे वामबाहुस्पिनरं डिलुम सुदीरा इत्येतां लक्ष्यं कृत्वा ब्रारः चत्वारि षट्कं कृतवान्। तस्य आक्रामकबल्लेबाजी भारतं ३५० रनस्य निशानं अतिक्रान्तं कर्तुं महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति स्म, मेलस्य समापनपदेषु आकस्मिकं रोमाञ्चं च प्रविष्टवान्।

यथा यथा भारतस्य पारी अन्तिम-ओवरं प्राप्नोति स्म, तथैव कुलम् ३५० रनस्य परितः भ्रमन् दलं समाप्तं करिष्यति इति भासते स्म। परन्तु ब्रारः केवलं कतिपयेषु प्रसवेषु समीकरणं पूर्णतया परिवर्तयति स्म। देवदत्तपडिक्कल् प्रथमकन्दुकात् एकं कृत्वा ब्रारं हड़तालं कृतवान्, यः तत्क्षणमेव सुदीराविरुद्धं आक्रामकं वृत्तिम् अङ्गीकृतवान्। सः बृहत्-शॉट्-मालाम् अकुर्वत्, पञ्च-कन्दुक-अन्तर्गतं चत्वारि षट्-प्रहारं कृत्वा भारतस्य स्कोरं द्रुतगत्या वर्धितवान्। उपलब्धविवरणानां अनुसारं ब्रै १८ कन्दुकयोः ३६ रनस्य स्कोरं कृत्वा २०० स्ट्राइक रेट् स्थापितवान्।

द्वितीयकन्दुकात् ब्रारः गभीरं मध्यविकेट् षड् ओवरं कृतवान्। सः तदनन्तरं अग्रिमं प्रसवं ऋजुं भूमौ, सीमापाशं च पारं प्रेषितवान्। यद्यपि सः तृतीयकन्दुकस्य सीमां त्यक्तवान् तथापि सः पुनः महत् शॉट् कृते गतः, गहनमध्यविकेटस्य उपरि तृतीयं षट्कं भग्नवान्। ओवरस्य अन्तिमे कन्दुके ब्रारः गभीरस्य अतिरिक्तकन्दुकस्य उपरि कन्दुकं वायुतले प्रक्षेपितवान् अपरं षट् यावत्। एवं अन्तिमः ओवरः सम्पूर्णतया ब्रारस्य एव आसीत्।

## राशिफल

**मेष** : आपको अपने करियर और नौकरी के अवसरों पर ध्यान देने की जरूरत है। जल्द ही दिलचस्प प्रोजेक्ट मिल सकता है।

**वृषभ** : आज रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए प्रतियोगिताओं में भाग लें। निराशा और चिंता पैदा होने वाली है।

**मिथुन** : आपको अपने परिवार और दोस्तों से भी समर्थन मिलेगा, जो अच्छे भविष्य के बारे में सकारात्मक सोचने में मदद करेगा।

**कर्क** : जल्द ही आप आगे की यात्रा के लिए अपने जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव करने में सक्षम होंगे।

**सिंह** : स्थिर भविष्य के बारे में सोचना आपके लिए फायदेमंद होगा। आपको आय के अन्य स्त्रोतों के बारे में भी सोचना चाहिए।

**कन्या** : अपने पार्टनर के साथ उन मुद्दों पर बात करें, जो आपके रिश्ते में समस्याएं पैदा कर रहे हैं।

**तुला** : काम में असंतुलन पैदा हो सकता है। आपके करियर और आय के स्तर में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं।

**वृश्चिक** : अभी आपको केवल एक ही काम पर ध्यान देने की जरूरत है और वह है आपका करियर और लोगों के साथ व्यवहार बनाना।

**धनु** : आप अभी एक पार्टनर के रूप में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं हैं। आप एक दूसरे संग क्वालिटी टाइम स्पेन्ड करें।

**मकर** : आपको अपने बारे में और अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बहुत कुछ सीखने में मदद मिलेगी।

**कुंभ** : अपने परिवार या रिश्तेदारों से सलाह लें, जो खराब वक्त में आपका साथ दें। आपके प्रेम संबंध मधुर बने रहेंगे।

**मीन** : आज बचत करने की कोशिश करें क्योंकि यह आपके वर्तमान आय के स्तर को बनाए रखने में मदद करेगा।

ज्योतिष/वास्तु

# आज बनेगा बुध-मंगल का दशांक योग, इन 5 राशियों को मिलेगा धन और करियर में लाभ

ज्योतिषीय गणना के अनुसार 14 अगस्त 2026 को दोपहर 12 बजकर 37 मिनट पर दोनों ग्रह लगभग 36 डिग्री के कोण पर आ जाएंगे, जिससे बुध और मंगल के बीच दशांक योग बनेगा। इसका प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं किन लोगों को इस दौरान लाभ मिल सकता है।

14 अगस्त 2026 को बुध और मंगल के बीच दशांक योग बनने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार दोपहर 12 बजकर 37 मिनट पर दोनों ग्रह लगभग 36 डिग्री के कोण पर आ जाएंगे। वर्तमान निरयन गोचर में मंगल मिथुन राशि में 7 डिग्री से अधिक और बुध कर्क राशि में करीब 13 डिग्री पर स्थित हैं। बुध पुष्य नक्षत्र और मंगल आर्द्रा नक्षत्र में गोचर कर रहे हैं। खास बात यह है कि कर्क राशि में बुध के साथ उच्च अवस्था वाले गुरु भी मौजूद हैं, जिससे इस ग्रह संयोग का महत्व और बढ़ जाता है।

ज्योतिष में बुध को बुद्धि, तर्क, व्यापार, गणना, संवाद और निर्णय क्षमता का कारक माना जाता है। मंगल साहस, ऊर्जा, पराक्रम, तकनीकी दक्षता और काम को अंजाम तक पहुंचाने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए इन दोनों ग्रहों का संबंध उन क्षेत्रों में फायदा दे सकता है, जहां सही रणनीति के साथ तुरंत कार्रवाई करना जरूरी होता है। हालांकि इसका प्रभाव सभी राशियों पर समान नहीं रहेगा। भाव स्वामित्व और गोचर स्थिति के आधार पर पांच



राशियों को विशेष लाभ मिलने के संकेत हैं।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के लिए बुध दूसरे और पंचम भाव के स्वामी होकर तीसरे भाव में हैं। यह भाव प्रयास, संवाद, लेखन, मार्केटिंग और नेटवर्क से जुड़ा है। मंगल सातवें और बारहवें भाव के स्वामी होकर दूसरे भाव में स्थित हैं। ऐसे में कम्युनिकेशन और स्किल के जरिए कमाई के अवसर बढ़ सकते हैं। मीडिया, सेल्स, कंटेंट, डिजिटल बिजनेस और कंसल्टिंग से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट मिल सकते हैं। हालांकि बोलचाल में संयम जरूरी रहेगा।

**कन्या राशि–** कन्या राशि के लिए बुध लग्न और कर्म भाव के स्वामी होकर लाभ भाव में हैं, जबकि मंगल तीसरे और आठवें भाव के स्वामी होकर कर्म भाव में स्थित हैं। नौकरी में नई जिम्मेदारी या महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मिल सकता है। मेहनत का अच्छा परिणाम और वरिष्ठों से प्रशंसा मिलने के योग हैं। व्यापारियों को पुराने संपर्कों और नए क्लाइंट से फायदा हो सकता है। सक्रिय प्रयास करना आपके लिए जरूरी रहेगा।

**सिंह राशि–** सिंह राशि के लिए मंगल योगकारक ग्रह हैं और इस समय लाभ भाव में स्थित हैं। इससे आय, नेटवर्क और इच्छापूर्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। बुध दूसरे और ग्यारहवें भाव के स्वामी होकर बारहवें भाव में हैं। विदेशी कंपनियों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, आईटी, मीडिया और इंटरनेशनल क्लाइंट से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

**तुला राशि–** तुला राशि में बुध नवम और बारहवें भाव के स्वामी होकर दशम भाव में हैं। मंगल दूसरे और सातवें भाव के स्वामी होकर नवम भाव में मौजूद हैं। इससे भाग्य और कर्म का संबंध मजबूत होता है। नौकरी बदलने वालों को बेहतर अवसर, जबकि नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार में विदेश या बड़े संस्थानों से जुड़े अवसर बन सकते हैं। दशम भाव में उच्च गुरु की मौजूदगी भी सकारात्मक संकेत देती है।

**मीन राशि–** मीन राशि के लिए मंगल दूसरे और नवम भाव के स्वामी होकर चौथे भाव में हैं। बुध चौथे और सातवें भाव के स्वामी होकर पंचम भाव में स्थित हैं। इससे धन, शिक्षा, संपत्ति और साझेदारी से जुड़े मामलों में प्रगति हो सकती है। प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने की योजना आगे बढ़ सकती है। विद्यार्थियों को भी लाभ मिल सकता है। व्यापार में साझेदारी फायदेमंद रह सकती है और उच्च गुरु की मौजूदगी शिक्षा व रचनात्मक कार्यों के लिए सकारात्मक प्रभाव बढ़ा सकती है।

32 टीमों में 50 मुकाबले, भारत-पाकिस्तान मैच 19 अगस्त को

# पहली बार महिला-पुरुष हॉकी वर्ल्डकप एक साथ होंगे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

15 अगस्त से हॉकी वर्ल्ड कप की शुरूआत हो रही है। पहली बार महिला और पुरुष के टूर्नामेंट एक साथ हो रहे हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड मिलकर इसकी मेजबानी कर रहे हैं।

भारतीय पुरुष टीम वेल्स के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगी। यह मैच दोपहर 4:30 बजे शुरू होगा। इससे पहले महिलाओं का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और जापान के बीच दोपहर 1:30 बजे से होगा।




**16 दिन चलेंगे टूर्नामेंट, 2 वेन्यू पर मुकाबले–** शनिवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट 16 दिन तक चलेंगे। दोनों टूर्नामेंट में कुल 50 मैच खेले जाएंगे। इनका आयोजन 2 फेज में होगा। पहला ग्रुप स्टेज, क्रॉसओवर पूल। फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच होंगे। सभी मैच 2 वेन्यू पर आयोजित होंगे।

**कुल 32 टीमें हिस्सा ले रहीं–** मेंस और विमेंस वर्ल्ड कप में 16-16 टीमें (कुल 32 टीमें) हिस्सा लेंगी। ग्रुप स्टेज में 16 टीमें 4 ग्रुप (ए, बी, सी, डी) में बंटेंगी और हर टीम 3 मैच खेलेगी। हर ग्रुप से टॉप-2 टीम क्रॉसओवर राउंड में जाएगी। इन 8 टीमों को 2 ग्रुपों में बांटा जाएगा। इस राउंड में हर टीम तीन और मैच खेलेगी। ये मुकाबले उन टीमों से होंगे, जिनसे उसका मैच नहीं हुआ है। यहां से टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल पहुंचेंगी।

**29-30 अगस्त को फाइनल होंगे–** फाइनल मैच 29 और 30 अगस्त को खेले जाएंगे। महिला वर्ल्ड कप का फाइनल 29 अगस्त को खेला जाएगा। जबकि, पुरुष वर्ल्ड कप का खिताबी मुकाबला 30 अगस्त को रात 8:00 बजे से शुरू होगा। दोनों फाइनल के दिन ब्रॉन्ज मेडल मैच भी होंगे।

### बेल्जियम में पहली बार वर्ल्ड कप

इस बार के वर्ल्ड कप में क्वार्टर फाइनल नहीं होंगे। पहली बार पुरुष और महिला हॉकी वर्ल्ड कप एक साथ हो रहे हैं। बेल्जियम पहली बार वर्ल्ड कप होस्ट कर रहा है। उसकी मेंस टीम नंबर-1 है।

### हरमनप्रीत और सलीमा भारत के कप्तान

**पुरुष टीम - गोलकीपर्सः** मोहित एच.एस., सूरज करकेरा।
**डिफेंडर्सः** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच।
**मिडफील्डर्सः** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकंता शर्मा, राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालगे।
**फॉरवर्ड्सः** मंदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा।
**महिला टीम- गोलकीपर्सः** सविता पूनिया, बिशू देवी खरीबाम।
**डिफेंडर्सः** ईशिका चौधरी, सुशीला चानु पुखरंबम, लालथंटलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास।
**मिडफील्डर्सः** सलीमा टेटे (कप्तान), निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, नेहा, दीपिका सोरेंग।
**फॉरवर्ड्सः** लालरेमसियामी, रुतुजा दादासो पिसाल, नवनीत कौर, दीपिका सहरावत, ईशिका, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग।

### ईनामी राशि नहीं, ट्रॉफी और मेडल मिलेंगे

हॉकी वर्ल्ड कप में ईनामी राशि नहीं है। इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन वर्ल्ड कप या प्रो लीग जैसे वर्ल्ड लेवल टूनार्मेंट्स में ट्रॉफी और मेडल्स देते हैं।

### नीदरलैंड ने सभी वर्ल्ड कप खेले

भारत, नीदरलैंड और स्पेन जैसी टीमों ने सभी पुरुष वर्ल्ड कप खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अर्जेंटीना 15-15 बार यह ग्लोबल टूर्नामेंट खेल चुकी हैं। पाकिस्तान ने 14 और बेल्जियम ने 8 बार हिस्सा लिया है। वहीं, नीदरलैंड, अर्जेंटीना और जर्मनी ने विमेंस कैटेगरी के सभी वर्ल्डकप खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया 14, इंग्लैंड-स्पेन 13-13, चीन 10 और भारत ने 9 बार यह टूर्नामेंट खेला है।

## पानी को लेकर खिलाड़ियों के झगड़े में कोच की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› कोलंबो

श्रीलंका में पानी को लेकर खिलाड़ियों के झगड़े में 62 साल के एक कोच की मौत हो गई। घटना 8 अगस्त की है, लेकिन इसकी जानकारी गुरुवार को आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार एक मैच के दौरान 2 खिलाड़ियों में पानी के लिए झगड़े हुआ। इस दौरान कोच सुमिथ फर्नांडो को चोट लग गई। सुमिथ को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 11 अगस्त को उन्होंने दम तोड़ दिया। 13 अगस्त को कोच फर्नांडो का अंतिम संस्कार हुआ। फर्नांडो श्रीलंका के पूर्व क्रिकेट कप्तान कुसल मेंडिस को स्कूल के दिनों में कोचिंग देते थे। पुलिस ने इस मामले में 17 साल के एक स्कूली खिलाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोलंबो की अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने आरोपी को 17 अगस्त तक जुवेनाइल सुपरविजन में रखने का आदेश दिया है। सुमिथ कोलंबो के बाहरी इलाके मोरातुवा के प्रिंस ऑफ वेल्स कॉलेज के पूर्व कोच थे। वे ब्लूमफील्ड क्रिकेट एंड एथलेटिक क्लब के क्यूरेटर भी रहे।

## भारत कल से 600वां टेस्ट खेलेगा

### जीता तो वेस्टइंडीज की बराबरी करेगा




ब्रह्मास्त्र ›› गॉल

भारत 15 अगस्त से अपना 600वां टेस्ट मैच खेलेगा। यह मैच श्रीलंका के खिलाफ गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। अगर इंडिया इस मुकाबले को जीत लेता है, तो सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने के मामले में वेस्टइंडीज की बराबरी कर लेगा।

भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 46 मैच खेले हैं। इनमें से 22 में जीत मिली है, जोकि 48% है। 7 में हार झेलनी पड़ी है। 17 मैच ड्रॉ रहे हैं। श्रीलंकाई पिचों में भारत की जीत का रिकॉर्ड 38% है। टीम ने श्रीलंकाई में 24 मैच खेले हैं। उसे 9 में जीत और 7 में हार मिली है। 8 मैच ड्रॉ रहे हैं।

भारतीय बैटर्स के सामने सबसे बड़ा चैलेंज स्पिन ट्रैक पर बल्लेबाजी होगा। उसने ग्रॉसी पिच पर वॉर्मअप मैच खेला है। जबकि, गॉल की पिच स्पिन फ्रेंडली बताई जा रही है। भारतीय बल्लेबाज 2021 के बाद से स्पिनर्स के खिलाफ स्ट्रगल कर रहे हैं। टीम चोटों से जूझ रही है। जसप्रीत बुमराह, वॉशिंगटन सुंदर, साई सुदर्शन और हर्षित राणा जैसे रेग्युलर प्लेयर्स चोटिल हैं। सारांश जैन और गुरनूर बरार जैसे नए प्लेयर्स को मौका मिला है। कप्तान शुभमन गिल सहित 12 खिलाड़ियों ने श्रीलंका में एक भी टेस्ट नहीं खेला है। केवल 4 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनके पास श्रीलंका में टेस्ट खेलने का अनुभव है।

## खबर एक नजर...

### हवाई फायर का वीडियो सामने आने पर दर्ज किया केस

**उज्जैन।** सोशल मीडिया पर नजर रही नागदा पुलिस को ग्राम टुटियाखेड़ी में रहने वाले देवसिंह गुर्जर की फेसबुक पर हवाई फायर का वीडियो दिखाई दिया। वीडियो की जांच करने पर सामने आया कि 18 अक्टूबर 2025 दीपावली के समय का है। लेकिन खुले में 12 बोर की बंदूक से चलाई जा रही गोली का मामला गंभीर होने पर पुलिस ने मामले में देवसिंह गुर्जर के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 25, 9 का प्रकरण दर्ज कर लिया। नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी के अनुसार देवसिंह के पास लायसेंसी बंदूक होना पाई गई है। वह पेशे से कवि है और कई मंचों पर कविता पाठ कर चुका है। वह कांग्रेस की राजनीति से जुड़ा हुआ है। फिलहाल मामले में नोटिस तामिल कराकर जमानत पर रिहा किया गया है।

### दुकान के पीछे छुपकर दांव लगा रहे थे 7 जुआरी

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैजनाथ में चाय और कटिंग की दुकान के पीछे बैठकर देर शाम को ग्रामीणों द्वारा जुआ खेला जा रहा था। खबर मिलने पर पुलिस की टीम ने दबिश मारी तो रमेश पिता पूरालाल चौधरी 55 साल, नारायणदास पिता भंवरदास बैरागी 40 साल, नारायणसिह पिता गुलाबसिह 50 साल निवासी बैजनाथ, धर्मेन्द्र पिता रुपसिंह 34 साल निवासी गुराडिया दासा, गोरधनसिह पिता रतनसिंह 30 साल, बहादुरसिह पिता मानसिह 45 साल निवासी मेंढकी और हाकमलाल पिता मांगु 55 साल निवासी आक्यालिम्बा गिरफ्त में आ गये। पुलिस ने मौके से 2 गड्डी ताशपत्ती की और 5 हजार 308 रुपए नगद बरामद किये। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताय कि सभी के खिलाफ 13 जुआ एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया। जुआ खेलने वाला का अपराधिक रिकार्ड देखने पर पता चला कि नारायणसिंह के खिलाफ पूर्व में 2 जुआ एक्ट के प्रकरण दर्ज है। रमेश चौधरी मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा का आरोपी रह चुका है। वहीं हाकम के खिलाफ भी मारपीट, अवैध शराब के 5 मामले दर्ज है।

### जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश

**उज्जैन।** रात्रि भ्रमण पर निकली नीलगंगा थाना पुलिस जीवनखेड़ी मार्ग पर पहुंची थी, उसी दौरान एक युवक हाथ में प्लास्टिक की केन लेकर आता दिखाई दिया। उसने पुलिस वाहन देखा तो भागने का प्रयास किया। भ्रमण पर एसआई यादवेन्द्रसिंह परिहार, आरक्षक पुष्पराजसिंह, कमल पटेल और अंकित थे, उन्होने शंका होने पर पीछा किया और युवक को हिरासत में लिया। उसके पास से बरामद केन में कच्ची जहरीली शराब भरी मिली। पूछताछ करने पर नाम विकास उर्फ विक्की पिता अशोक माथुर निवासी शिव परिसर सामने आया। थाने लाने पर उसके खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के 2 और मारपीट के 2 प्रकरण दर्ज होना सामने आये। जहरीली शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### मदारगेट से पकड़ाया छात्र पर हमला करने वाला छात्र

**उज्जैन।** व्यायामशाला की गली स्थित मीरा कांवेंट स्कूल में मंगलवार को कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाले 2 छात्रों के बीच विवाद हो गया था। भैरूपुरा में रहने वाले छात्र पर क्लासरूम में उसकी ही कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने नुकीले पेन से हमला कर दिया था। छात्र दुर्गेश बागवान लहूलुहान हो गया था। लंच टाइम में हुई घटना के बाद शिक्षकों ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाया था। मामले की सूचना मिलने पर खाराकुआ थाना पुलिस ने घायल छात्र के बयान दर्ज किये थे। हमला करने वाले छात्र की स्कूल प्रबंधन से जानकारी लेने के बाद गुरूवार को हमलावर छात्र को मदारगेट से पकड़ा गया। वह कोलकत्ता जाने की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि हमला करने वाले छात्र का परिवार बंगाली है, और काफी समय से उज्जैन में निवास कर रहा है। उसके पिता नक्काशी का काम करते है। एएसआई अजय माथुर ने बताया कि छात्र को नोटिस पर रिहा किया गया है। मामले में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### बाइक धीरे चलाने का बोला तो युवक से मारपीट

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी बाजार जगोटी रोड पर शासकीय स्कूल के पास गगन पिता कमल सेन 19 साल निवासी जगोटी पैदल गुजर रहा था। उसी दौरान तेजगति में बाइक चालक आया और मार्ग पर भरे पानी के बीच से बाइक निकाली। जिसके चलते पानी उड़ा और गगन के कपड़े गीले हो गया। गगन ने बाइक चालक को देखकर और धीरे चलाने के लिये कहा तो चालक ने बाइक रोक गगन के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। राघवी पुलिस ने मामले में बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 278-7 |
| मेन बाजार | 150-6 | 130-4 |
| मिलन डे | 469-9 | 568-9 |
| मिलन नाइट | 350-8 | 366-5 |

1 5 6

---

मोहनपुरा से नईखेड़ी की ओर जाने वाले रेलवे ट्रेक पर मिली युवक की कटी लाश

# पिपलोदा बागला स्टेशन पर मिली युवक की टुकड़ों में लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिपलोदा बागला स्टेशन पर बुधवार-गुरूवार रात ट्रेन के सामने आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। उसकी लाश कई टुकड़ों में मिली है, जीआरपी मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। ट्रेन से कटने का एक मामला मोहनुपरा रेलवे ट्रेक पर भी सामने आया है।

जीआरपी ने बताया कि पिपलोदा बागला स्टेशन पर रात में पटरियों के बीच एक युवक की कटी लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। घटनास्थल देख प्रतीत हुआ कि युवक ने आत्महत्या की है। उसके शरीर के कई टुकड़े हो चुके थे। युवक की बॉडी को एकत्रित किया गया और चादर में लपटे कर चरक अस्पताल पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया। उसकी पहचान कर पाना भी मुश्किल था। जीआरपी के अनुसार मृतक के पास कोई पहचान का दस्तावेज नहीं मिला है। फिलहाल आसपास के पुलिस थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। बताया जा रहा था कि घटना से पहले पिपलोदा बागला स्टेशन से वीरभूमि एक्सप्रेस निकली थी। मृतक की पहचान होने पर उसके द्वारा संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी।



#### इधर 2 थानों के बीच उलझा मामला

ट्रेन से कटने से दूसरा मामला गुरूवार तड़के सामने आया। मोहनपुरा से नईखेड़ी की ओर जाने वाले रेलवे ट्रेक पर एक युवक की कटी लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर महाकाल थाने की डायल 112 पहुंची थी, मामला चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र का बताया गया और सूचना दी गई। चिंतामण गणेश पुलिस पहुंची तो घटनास्थल महाकाल थाना क्षेत्र का बताया गया। 2 थानों की बीच उलझे घटनाक्रम के बाद तय हुआ कि महाकाल थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रेक आता है। महाकाल पुलिस ने मर्ग कायम किया। मृतक युवक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था ना ही घटनास्थल पर किसी ने उसकी पहचान की। पुलिस परिजनों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## सवा ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सी रोड पवासा और शिप्रा तट स्थित हजारी हनुमान मंदिर में सावन मास के उपलक्ष्य में सवा ग्यारह लाख चिंतामणि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का सात दिवसीय विशाल अनुष्ठान शुरू हो गया है। आयोजन के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पार्थिव शिवलिंग बनाए। शिवलिंग निर्माण के साथ ही मंदिर में रुद्राभिषेक भी किया गया। हजारी हनुमान मंदिर पवासा के महंत काशीदास त्यागी ने बताया कि 12 से 19 अगस्त तक चलने वाला यह भव्य आयोजन टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर माधवाचार्य की अध्यक्षता में हो रहा है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का क्रम जारी रहेगा। आयोजन में शामिल होने के लिए देशभर से संत, महात्मा, आचार्य और महामंडलेश्वर उज्जैन पहुंच रहे हैं।

# बहन के दुप्पटे से फंदे पर लटका मिला भाई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पताशी का ठेला लगाने वाला युवक गुरूवार सुबह बहन के दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारकर मामले की जांच शुरू की।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले निखिल पिता रामबाबू केसरवानी 25 साल सुबह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजन उसे जगाने के लिये पहुंचे। निखिल बहन के दुपट्टे से फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों का शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। सूचना मिलने ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। परिजनों ने बताया कि ढांचा भवन से घासमंडी की ओर जाने वाले ब्रिज के पास स्मार्ट रोड पर पताशी का ठेला लगाता था। परिवार मूलरूप से इलाहबाद का रहने वाला है। पिछले 10 साल से उज्जैन में रह रहे है। बारिश के चलते चार दिनों से निखिल पताशी का ठेला नहीं लगा रहा था। घर में कोई परेशानी नहीं थी, निखिल रात तक पूरी तरह ठीक था उसने साथ में खाना खाया था। उसकी शादी के लिये रिश्ता भी देख रहे थे बहन की शादी भी करना थी। एएसआई दिनेश वरकड़े ने बताया कि फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ पाई, ना ही घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट मिला। मामले में मर्ग कायम कर शव को अस्पताल पहुंचाया गया, दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद बॉडी परिजनों को सौंपी गई। जांच के बाद ही फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

## त्रिवेणी गेट पर चैम्बर से निकल रहा गंदा पानी, श्रद्धालु परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल लोक स्थित त्रिवेणी गेट के सामने चैम्बर खुला होने से गंदा पानी बाहर आ रहा है। पानी से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महाकाल मंदिर के सामने का यह क्षेत्र श्रद्धालुओं की आवाजाही का प्रमुख मार्ग है, ऐसे में गंदगी और बदबू से धार्मिक नगरी की छवि भी प्रभावित हो रही है। सावन माह में महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और त्रिवेणी गेट क्षेत्र से भी दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद खुले चैम्बर से गंदा पानी निकलना और आसपास दुर्गंध फैलना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर और महाकाल लोक क्षेत्र की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। खुले चैम्बर से निकल रहे गंदे पानी के कारण संक्रमण और फिसलन जैसी समस्या भी पैदा हो सकती है।

# स्वतंत्रता दिवसः चौराहा से लेकर बाजारों तक पुलिस की नजर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 2 दिन पहले गुरूवार शाम से पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। चौराहा से लेकर बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है।

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का पर्व देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आजादी के जश्न में कोई व्यवधान ना पड़े, इसको लेकर उज्जैन पुलिस पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दे रही है। गुरूवार शाम को एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर पूरे शहर में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम शुरू कर दिय गये थे। बाहरी मार्गो से शहर में आने वाले वाहनों की प्रमुख चौराहा पर चैकिंग की जा रही है। बाजारों और संदेनशील क्षेत्रों में नजर रख संदिग्धों, अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाशों, रंगदारी करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जा रहा है। पुलिस द्वारा दो पहिया और चार पहिया वाहनों को रोककर चालकों के आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित गाड़ी के जरूरी दस्तावेजों की जांच कर रही है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के दौरान शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी तरह की संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोकना है। पुलिस आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी की जा रही।



चार खातों से 3.17 लाख गायब, पुलिस तलाश रही सुराग

# सावधानः साइबर ठग हर दिन बदल रहे तरीका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड को लेकर पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है, लेकिन साइबर ठगी करने वाले हर दिन तरीका बदल रहे है और लोगों के खातों से हजारों का ट्रांजेक्शन कर पुलिस को चुनौती दे रहे है। गुरूवार को चार मामले सामने आये। ठगों ने 3.17 लाख उड़ा दिये थे। चारों मामलों में पुलिस ने धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज किये है।

डिजीटल क्रांति के युग में लोगों को मिली इंटरनेट सुविधा और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की व्यवस्था ने उनके समय की बचत और काम को आसान बना दिया है। लेकिन इसका फायदा साइबर ठगों ने तेजी के साथ उठाना शुरू दिया। पूर्व में बैंक अधिकारी, केवाईसी अपडेट, ऑनलाइन नौकरी, पुलिस अधिकारी बन डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर लोगों के साथ ऑनलाइन फ्रॉड किया जा रहा था। बढ़ते साइबर अपराध को लेकर पुलिस ने जागरूकता अभियान की शुरूआत कर साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन साइबर ठगों द्वारा हर दिन तरीका बदला जा रहा है। पिछले कुछ दिनों हुये चार मामले गुरूवार को सामने आये। जिसमें 3 लोगों के साथ लिंक भेजकर ठगी की गई तो एक को पार्सल भेजकर ठग लिया। माधवनगर, नानाखेड़ा और बड़नगर थाना पुलिस ने चारों मामलों में प्रकरण दर्ज किये है।

**चौथा मामला इंजीनियर के साथ-** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के कालापत्थर क्षेत्र में रहने वाले इंजीनियर लाखन पिता नानूराम जाटवा के ऑनलाइन फ्रॉड हुआ। उसके मोबाइल पर आई लिंक को क्लिक करते ही मोबाइल हैक हुआ और खाते से 27 हजार से अधिक का ट्रांजेक्शन हो गया। ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर की गई, जहां से मामला पुलिस के पास जांच के लिये पहुंचा है।



#### पहला मामला नारायणपुरा का

माधवनगर थाना पुलिस ने नारायणपुरा में रहने वाले कुशाल मेहर की शिकायत पर दर्ज किया है। कुशाल ने बताया कि उसकी मंगेतर ने ऑनलाइन प्रोडेक्ट आर्डर किया था। उसके खाते में पैसे कम होने पर रुपए ट्रांसफर करने के लिये मंगेतर भाविका ने वाट्सएप पर लिंक भेजी और ट्रांजेक्शन करने को कहा। उसने लिंक पर क्लिक किया प्रोडेक्ट की कीमत का ट्रांजेक्शन किया। कुछ देर बाद खाते से 99 हजार निकलने का मैसेज मिला। जबकि उसने सिर्फ प्रोडेक्ट की कीमत का ट्रांजेक्शन किया था। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

#### दूसरा मामला वरूचि मार्ग का

ऑनलाइन फ्रॉड का दूसरा मामला माधवनगर थाना क्षेत्र के ही वरूचि मार्ग पर रहने वाली प्रिया पति उल्लास पाल के साथ हुआ। उनके पास कॉल आया कि आपका पार्सल आया है। उन्होने पार्सल नहीं मंगवाने की बात कहीं तो कॉल धारक ने कहा कि पार्सल आपके नाम और पते का है। प्रिया ने पार्सल लेने से मना किया तो केसिंल चार्ज देने की बात कहीं चार्ज देने से मना करने पर पार्सल प्राप्त करने कहीं। प्रिया ने केसिंल चार्ज का ट्रांजेक्शन किया तो खाते से 93 हजार 850 रुपए निकाल लिये गये।

#### तीसरा मामला ग्राम उमरिया का

बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया में रहने वाली अफसाना बी पति कमाल पटेल के ठगों ने लिंक भेजकर फ्रॉड किया। उसके मोबाइल पर आई लिंक को क्लिक करने के बाद खाते से 98 हजार का ट्रांजेक्शन साइबर ठगों ने कर लिया। पति के बैंक जाने पर ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली। जानकारी जुटाने पर पता चला कि डबरा के निर्मल नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांजेक्शन हुआ है। मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर की गई। बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

# केन्द्रीय जेल की सलाखों से 9 बंदियों को मिलेगी रिहाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस पर इस बार केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ की सलाखों से 9 बंदियों को रिहा किया जायेगा। जेल मुख्यालय से रिहाई का आदेश आ चुका है। शनिवार को ध्वजारोहण के बाद उन्हे अपराध मुक्त नई जिंदगी की शुरूआत करने के लिये छोड़ दिया जायेगा।

प्रदेश में राष्ट्रीय पर्वो पर जेलों में आजीवन कारावास की सजा काटने वाले बंदियों को उनके अच्छे आचरण पर समय से पहले रिहाई देने का प्रावधान तय किया गया है। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर इस बार प्रदेश की जेलों से 530 बंदियों को रिहा किया जायेगा। उज्जैन केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ से 9 बंदियों को रिहाई मिलेगी। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि रिहा होने वाले बंदियों में इंदर/कमल पिता रामचंद्र लालपुर थाना नरवर जिला उज्जैन, ईश्वर पिता मांगीलाल देवगुराडिया टोकखुर्द देवास, बालू पिता गुलाब खेजडाखेड़ी सोमतकला आगर-मालवा, संजय पिता सुंदरलाल रूडजी गौतमपुरा इंदौर, देवीलाल पिता जेतराम कुशालपुरा मनासा नीमच, विनोद पिता भगवान भदाना रामपुरा नीमच, गणपत पिता श्रीकिशन मरेठी अहमदपुर सिहोर, संदीप पिता कुंज बिहारी शर्मा शिवनगर छोल्लामंदिर भोपाल और गोलू/गोल्डी पिता जोसफ बाणगंगा नाका इंदौर शामिल है। सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, लेकिन जेल में उनका आचरण अच्छा और नियमों का पालन करने पर उनकी रिहाई के लिये मुख्यालय को नाम भेजे गये थे। सभी के नामों पर मुख्यालय से रिहाई की सहमति प्राप्त हुई है। 15 अगस्त को जेल परिसर में स्वतंत्रता दिवस का पर्व ध्वजारोहण के साथ मनाया जायेगा। जेल में बंदियों द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगें। कार्यक्रम के बाद रिहाई पाने वालों को अपराध मुक्त नई जिंदगी की शुरूआत के लिये छोड़ दिया जायेगा। सभी के परिजनों को रिहाई से अवगत करा दिया गया है। 15 अगस्त की सुबह सभी के परिजन जेल परिसर पहुंचेंगे।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com